

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 348 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 08 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## भारत का एशियन गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन, 107 मेडल के साथ खत्म हुआ सफर, आखिरी दिन 'गोल्डन सिक्सर'




नई दिल्ली. भारत ने एशियन गेम्स में अपना अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. भारतीय एथलीटों ने 14वें दिन यानी शनिवार को 6 गोल्ड सहित कुल 12 मेडल अपने नाम किए. 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज के साथ भारत ने मेडल टेली में चौथे स्थान पर रहते हुए अपने अभियान का समापन किया. आखिरी दिन भारत की मेंस क्रिकेट टीम ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया वहीं कबड्डी में भारतीय पुरुष और महिला टीम चैंपियन बने. बैडमिंटन के पुरुष युगल स्पर्धा में भारत को गोल्ड मिला वहीं आर्चरी के पुरुष और महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में भारतीय तीरंदाजों ने गोल्ड पर निशाना साधा.

इस प्रतियोगिता में भारत ने सबसे ज्यादा पदक एथलेटिक्स में जीते. ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा ने जैवलीन थ्रो में अपने खिताब का बचाव किया. उन्होंने 88.88 थ्रो के साथ गोल्ड पर कब्जा किया. भारतीय एथलीटों ने एथलेटिक्स में इस बार धमाकेदार प्रदर्शन किया. इस बार एथलेटिक्स में भारत ने सर्वाधिक 29 मेडल अपने नाम किए.

### भारतीय शूटर्स का धमाल

भारतीय शूटर्स ने भी चीन में अपने शानदार प्रदर्शन से खूब वाहवाही लूटी. निशानेबाजों ने इस बार 22 मेडल जीते जबकि साल 2006 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 14 मेडल का था. तब भारतीय निशानेबाजों ने दोहा में 14 मेडल जीते थे जो उनका अब तक का बेस्ट प्रदर्शन था. इनमें से 12 मेडल टीम इवेंट में आए. भारतीय पुरुष और महिला टीम ने गोल्ड जीते वहीं कबड्डी में भी भारत ने मेंस और वुमेंस वर्ग में स्वर्ण पर कब्जा किया.

### आर्चरी में गोल्डन क्लीन स्वीप

कंपाउंड आर्चरी में भारत ने 5 गोल्ड के साथ क्लीनस्वीप किया. वर्ल्ड नंबर 3 भारतीय शटलर्स सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल में गोल्ड जीतकर इतिहास कायम किया. मेंस डबल्स में गोल्ड जीतने वाली यह पहली भारतीय जोड़ी है. बैडमिंटन में भारत को 3 मेडल मिली जो उसका दूसरा बेस्ट प्रदर्शन है. रेसलिंग में भारत ने 6 मेडल जीते.

### ओलंपिक का मिला टिकट

इसके अलावा कुछ एथलीटों ने 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई किया. भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गोल्ड जीते वहीं बॉक्सर निकहत जरीन, प्रवीण, प्रीति और लवलीना ने ब्रॉन्ज पर कब्जा जमाया. इन सभी ने पेरिस ओलंपिक टिकट कटा लिया है.

## यूक्रेन निवासी यूलिया जीटो मेरास सकाई गयाजी धाम पहुंचकर किया पिंडदान एवं तर्पण.

दैनिक समाज जागरण
विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार )- यूक्रेन देश के निवासी यूलिया जीटो मेरास स्काई गयाजी धाम में पहुंचकर यूक्रेन में युद्ध के दौरान मारे गए अपने माता-पिता के आत्मा के शांति के लिए पिंडदान व तर्पण किया.आचार्य लोकनाथ गौड़ ने युवती ययूलिया को पूरी विधि विधान से कर्मकांड संपन्न कराया. यूलिया पेशे से साइकोलॉजिस्ट है और यूक्रेन में रहकर ऑनलाइन चीन और दूसरे देश के लिए काम कर रही है . मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए



उन्होंने कहा कि युद्ध के दौरान रसिया के हमले में उसके माता-पिता सहित परिवार के कई सदस्य मारे गए हैं .वहां पूरी तरह अशांति फैली भी हुई है .युद्ध अभी भी जारी है .युद्ध बंद कर शांति बहाल होनी चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि वह गयाजी धाम में यूक्रेन के लोगों के अलावे रसिया देश में भी मारे गए सभी लोगों के आत्मा के शांति के लिए यहां पिंडदान संपन्न कर रही हूं. उन्होंने आगे कहा कि विश्व में कहीं मोक्ष भूमि है, तो वह स्थान है गयाजी धाम. उन्होंने आगे कहा कि गयाजी धाम की जानकारी मुझे एक धर्मगुरु से मिली. उन्होंने आगे कहा कि गयाजी धाम में अपने पितरों व पूर्वजों के आत्मा के शांति के लिए पिंडदान करने पहुंची हूं. उन्होंने आगे कहा कि गयाजी धाम में दूसरी बार पिंडदान कर कर रही हूं. उन्होंने आगे कहा कि पहली बार जब वह आई थी, तो उन्हें काफी शांति महसूस हुआ था. अब दूसरी बार युद्ध के दौरान युद्ध में मारे गए अपने माता-पिता वह अन्य परिवार जनों के आत्मा के शांति के लिए पिंडदान करने पहुंची हूं.

## 4 शहीदों की स्मृति में औपचारिक स्मृति समारोह का आयोजन

उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: ब्यूरो चीफ

( दार्जिलिंग): शनिवार को 41 वीं वाहिनी के 4 शहीदों की याद में 41 वीं वाहिनी ,सशस्त्र सीमा बल रानीडंगा परिसर शहीद स्मारक पर रीतिगत स्मरणोत्सव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । आज 41 वीं वाहिनी के शहीद मुख्य आरक्षी ( सामान्य ड्यूटी ) धर्मेश्वर नाथ , आरक्षी ( सामान्य ) दिलेश चथुरोली टी आरक्षी ( सामान्य ) प्रवीण पी . और आरक्षी ( चालक ) विवेक कुमार यादव नक्सल विरोधी अभियान ड्यूटी दंतेवाडा ( छत्तीसगढ़ ) से निर्मुक्त होकर वापस गुवाहाटी के लिए जा रहे थे ( उस समय यह वाहिनी गुवाहाटी , असम में कार्यरत थी ) ।रास्ते में घात लगाकर बठे हुए नक्सलियों द्वारा काफिले के वाहन पर अयातुपुरा , बागमुंडी , जिला-दंतेवाड़ा के पास आई.ई.डी विस्फोट से हमला किया गया ।जहां उपरोक्त सभी बलकर्मियों ने मातृभूमि के प्रति कर्तव्य निभाते हुए के अपना सर्वोच्च बलिदान दिया । हर साल 7 अक्टूबर को 41 वीं वाहिनी एस.एस.बी रानीडंगा के शहीदों की याद में यह स्मरणोत्सव सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है । इस अवसर पर शहीदों को




गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उसके बाद पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया ।जिसमें श्री सुधीर कुमार आई.जी एस . एस . बी सीमान्त मुख्यालय सिलीगुड़ी द्वारा शहीदों को पुष्पगुच्छ समर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी । तत्पश्चात श्री योगेश सिंह कमांडेंट 41 वीं वाहिनी एस . एस . बी रानीडंगा सीमान्त मुख्यालय सिलीगुड़ी एवं 41 वीं वाहिनी एस . एस . बी रानीडंगा के अन्य अधिकारी व बलकर्मियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों के बलिदान को याद किया । अंत में शहीदों की याद में दो मिनट मौन रखकर समारोह का समापन किया गया ।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### गृह मंत्री अमित शाह ने की बैठक की अध्यक्षता



- उत्तराखंड के नरेन्द्र नगर में आयोजित हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक
- सदस्य राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री हुए शामिल
- बैठक में विभिन्न मुद्दों पर परिषद् के सदस्य राज्यों के बीच हुई गहन चर्चा

समाज जागरण

देहरादून/लखनऊ, 07 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को टिहरी के नरेन्द्र नगर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 24वीं बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सदस्य राज्य उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक से जुड़े। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू बैठक में शामिल हुए।

बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आह्वान पर मध्य क्षेत्रीय परिषद ने एशियाई खेलों में भारत द्वारा पहली बार 100 से अधिक पदक जीतकर देश का नाम रौशन करने के लिए सभी खिलाड़ियों का करतल ध्वनि से अभिनंदन करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। बैठक में मध्य क्षेत्रीय परिषद ने चंद्रयान-3 की शानदार सफलता, जी20 सम्मेलन के सफल आयोजन और संसद द्वारा ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किए जाने का भी स्वागत किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकार से बदलकर 'एक्शन प्लेटफॉर्म' के रूप में कारगर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों का देश के जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। परिषद में शामिल राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जलापूर्ति और पर्यटन का प्रमुख केन्द्र हैं, इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारा है।

## गरीबी से लड़कर खुद से खींची अमीरी की लकीरें

### बेस्ट स्टार्ट अप आफ द ईयर के लिए इकोनॉमिक टाइम ने किया पुरस्कृत




जोकीहाट । घर की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर कि पढ़ाई छोड़कर रोजगार तलाशने दिल्ली की सड़कों पर दर दर भटकते रहे। आज वही सख्श करीब दो सौ बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़कर मिशाल कायम किया है। वाकया किसी फिल्म की नहीं बल्कि रियल लाइफ की है। जीरो से हीरो बनने वाले व्यक्ति का नाम मृत्युंजय राय, पिता ध्रुव मोहन राय है जो किशनगंज जिले के कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत असुरा गांव के निवासी हैं। महज पांच छह वर्ष में आज करोड़ों की कंपनी के मालिक हैं। उसके पास एक नहीं दो दो कंपनियां हैं। उनकी मां रंजना देवी, पिता ध्रुव मोहन राय ने बताया कि कनकई नदी में दस वर्ष पूर्व घर विलीन हो गया। बच्चों के पालन पोषण,पढ़ाई लिखाई, बेटी की शादी जैसी समस्यायें पहाड़ सा दिखता था । हमने मृत्युंजय को कभी पढ़ाई छोड़कर रोजगार करने की बात नहीं कही। लेकिन माता पिता के आर्थिक तंगी और दिनों-दिन बढ़ती चिंता को देखकर मृत्युंजय ने पढ़ाई छोड़कर अपने भाग्य बदलने चुपचाप दिल्ली निकल पड़े। वक्त के थपेड़े सहकर भी उन्होंने साहस नहीं खोया। इस बीच उतार चढ़ाव आया लेकिन वे तपकर शुद्ध सोना साबित हुआ. उन्होंने बहन की शादी शाही अंदाज में कराया। वे अररिया शहर स्थित खरैया बस्ती के नंदमोहन मिश्रा के दामाद हैं। उन्होंने 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्टार्ट अप इंडिया से प्रभावित होकर क्रेडिट वाला ओनलाइन कंपनी के डायरेक्टर हैं।

आज मृत्युंजय खुद ही करीब डेढ़ से दो सौ युवाओं को रोजगार मुहैया करा रहे हैं। मृत्युंजय ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि स्टार्टअप क्रेडिट वाला का

सालाना कारोबार लगभग दस करोड़ के आसपास है । हाल ही में मृत्युंजय की कंपनी क्रेडिट वाला को दिल्ली के प्रतिष्ठित होटल रेडिशन ब्लू में इकोनॉमिक टाईम्स और फेदर टच की और से बेस्ट स्टार्ट-अप आफ द ईयर का अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिने जगत के वरिष्ठ एक्टर रजा मुराद व फेदर टच के सीईओ अंकित जोशी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। मृत्युंजय की इस उपलब्धि से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। असुरा गांव के पूर्व मुखिया ओमप्रकाश झा ने बताया कि मृत्युंजय की निश्चित रूप से बड़ी उपलब्धि है।

## बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गयाजी धाम पहुंचकर किया पिंडदान.



दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार )- बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर गयाजी धाम पहुंचे . जहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर के प्रांगण में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति को लेकर पिंडदान कर्मकांड किया. इस दौरान सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध किए गए थे. सर्वप्रथम राज्यपाल गया अंतरराष्ट्रीय हवा-ईअड्डा पहुंचे, जहां से वे सड़क मार्ग से विष्णुपद मंदिर पहुंचे. इसे लेकर शहर के कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई थी. साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था. उनके पुरोहित बच्चू लाल चौधरी के द्वारा विष्णुपद मंदिर के प्रांगण में पूरे विधि-विधान के साथ पिंडदान कर्मकांड कराया गया.

इस मौके पर पुरोहित बच्चू लाल चौधरी ने कहा कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर दूसरी बार पिंडदान करने गयाजी पहुंचे हैं, उन्होंने अपने माता-पिता, चाचा-चाची, सास-ससुर सहित अन्य पितरों की मोक्ष की कामना को लेकर पिंडदान किया है. पूरे धार्मिक विधि-विधान के साथ पिंडदान कर्मकांड की प्रक्रिया को संपन्न कराया गया है. पितरों की आत्मा को शांति मिले व परिजनों का जीवन सुखमय हो, इसी कामना के साथ पिंडदान कराया गया है.

## अफगानिस्तान में धरती कांपने से मची तबाही, जोरदार भूकंप में मरने वालों की संख्या हुई 320

काबुलः अफगानिस्तान में भूकंप के ताबड़तोड़ कई झटकों से चारों ओर तबाही का आलम है. पश्चिमी अफगानिस्तान में शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है. अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में 6.3 तीव्रता के कई भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 320 हो गई और सैकड़ों घायल बताए जा रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र ने यह जानकारी दी है. वहीं, अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल्ला जान ने बताया कि हेरात में जेंदा जान जिले के चार गांवों को भूकंप और झटकों से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है. उन्होंने कहा कि दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त हो गये हैं.

## इजरायल पर हमास ने फिर किया बड़ा हमला, आधे घंटे में दागे 150 से अधिक रॉकेट, टॉप कमांडर को किया अगवा



इजराइल ने कहा कि वह अब हमास के साथ युद्धरत है और जवाबी कार्रवाई में गाजा पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं. हमला शुरू होने के कई घंटे बाद भी, हमास के चरमपंथी कई इजराइली इलाकों में गोलीबारी कर रहे हैं. हमास के इस हमले ने इजराइल को चौंका दिया है. इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा कि कम से कम 200 लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं, जिससे यह इजराइल में पिछले कुछ वर्षों में सबसे घातक हमला बन गया है. इसके अलावा, अज्ञात संख्या में इजराइली सैनिकों और नागरिकों को पकड़कर गाजा में ले जाया गया है. गाजा में फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइल की जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी में कम से कम 232 लोग मारे गए हैं और कम से कम 1,610 घायल हुए हैं.

**यरुशलम**. हमास के आतंकवादियों ने दावा किया कि उसने शनिवार रात को दोबारा इजरायल पर राकेट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और इस दौरान उसने करीब 30 मिनट में ही 150 से अधिक मिसाइल दागे. इजरायल के लिए परेशानी का सबब यह है कि उसके कई शीर्ष कमांडर सहित एक मंत्री के रिश्तेदार को हमास ने बंदी बना लिया है. इससे पहले, एक प्रमुख यहूदी अवकाश के दौरान शनिवार सुबह को एक अभूतपूर्व अप्रत्याशित हमले में हमास के चरमपंथियों ने गाजा पट्टी के निकट इजराइली शहरों पर हजारों रॉकेट दागे और वहां दर्जनों लड़ाके भेजे, जिसमें कम से कम 200 लोग मारे गए हैं.

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm

# मुफ्त का चंदन ,घिस मेरे नंदन

**दैनिक समाज जागरण**

लिखने के लिए विषयों और मुद्दों की कमी नहीं । एक खोजो हजार मिलते हैं ,लेकिन एक दिन में एक ही मुद्दे पर बात की जा सकती है। इसलिए आज बात केवल 'मुफ्त के चंदन ' की करते हैं। चंदन महकता है , माथा शीतल कर देता है । धार्मिक पहचान भी उपलब्ध करता है। संतों की भीड़ हो ,चित्रकूट का घाट हो और मुफ्त का चंदन घिस कर लगाया जा रहा हो तो मजा अलग ही है। मजे की बात मुफ्त का चंदन घिसता कोई और है तिलक कोई और लगाता है,लगवाता कोई और है । अर्थात चंदन किसी और का और श्रेय कोई और ले जाता है।

मुफ्त को लेकर हम बेहद सनातनी हैं। बालक राम के विवाह में जनक ने बारातियों को 40 लाख गायें 25 लाख रथ और न जाने क्या-क्या भेंट कर दिया था। ये मै नहीं कहता। ये बात उस राम चरित मानस में लिखी है जिसे मै पिछले पचास साल से मुफ्त में पढता आ रहा हूँ ।कहते हैं कि मुफ्त का माल हो तो बांटने और स्वीकार करने में दिल ससुरा बेरहम हो ही जाता है। गालिब मियाँ भी मुफ्त की मयनोशी को लेकर ताउम्र परेशान रहे। लेकिन मुफ्त का माल और मुफ्तखोरी हर काल में होती है । कहीं कोई कोताही नहीं। शासन का कोई भी तंत्र हो मुफ्तखोरी उसका अनिवार्य हिस्सा है। सामंतशाही हो, समाजवाद हो ,तानाशाही हो या लोकशाही हो सबको मुफ्त का माल यानि मुफ्त का चंदन घिसने और लगाने में मजा आता है।

मुफ्त का चंदन घिसना और लगना ठीक वैसा ही है जैसे ' मियां -बीबी राजी ,तो क्या करेगा काजी ?' सरकार मुफ्त का चंदन घिसती है और मतदाता लगवाता है तो सुप्रीम कोर्ट क्या कर सकता है सिवाय कोई याचिका लगाए तो सरकारों को चार हफ्ते का नोटिस देने का। सुप्रीम कोर्ट का काम सुप्रीम कोर्ट करता है और सरकार का काम ,सरकार करती है। जनता का काम, जनता करती है। हम आजादी के अमृतकाल में आ गए हैं किन्तु न मुफ्त का चंदन घिसना नहीं भूले हैं और न लगाना,लगवाना। आजादी के साथ देश में अनेक ' वाद ' आये और चले गए लेकिन मुफ्तखोरी जहाँ थीं वहां से बहुत आगे बढ़ गयी है। मंगलसूत्र से लेकर चप्पल-छाते तक आ गयी है।

पहले आपात स्थितियों में राजे-महाराजे प्रजा के लिए अनेक तरीकों से मुफ्त का चंदन मुहैया करते थे । जो समझदार थे वे जनता को हरामखोर बनाने के बजाय उनसे श्रम कराते और बदले में राशन-पानी मुहैया कराते थे । देश -दुनिया में चीन की दीवार और ताजमहल ,बाबरी मस्जिद , जैसे अनेक विश्व कीर्तिमान ऐसे ही बने और बिगड़े गए। देश में मुफ्तखोरी की जनक रामभक्त भाजपा नहीं ,कांग्रेस है। कांग्रेस में शुरू में दक्षिणपंथी,वामपंथी और समाजवादी सोच के लोग शामिल थे इसलिए सबने मुफ्त के चंदन की घिसाई और लगवाई के जघन्य अपराध में हिस्सा लिया। कांग्रेस ने भूल सुधार के लिए ' मनरेगा' जैसी योजना बना ली। लेकिन उसके उत्तराधिकारियों ने मनरेगा को ठिकाने लगा दिया।

आज देश में किसी भी दल की सरकार हो ,किसी भी जाति का मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री हो मुफ्त के चंदन का घिसना और लगाना नहीं रोक सकत। सब उसके समर्थक हैं। सब को मुफ्त का चंदन लगाना पुण्यकार्य लगता है। मुफ्त का माल दिल बेरहमी से लुटाता है लेकिन सत्ता का दरवाजा आजकल इसी तरीके से खुलता है तो कोई क्या करे ?। आज मुल्क का हर तीसरा नागरिक मुफ्त का चंदन लगाता है और हर सरकार मुफ्त का चंदन घिसती है। सरकारों में इस बात की होड़ है कि कौन ,कितना ज्यादा मुफ्त का माल अपने मतदाताओं को मुहैया करा सकता है ? हमारे मध्यप्रदेश में तो मुफ्त का चंदन लगाने के नए विश्व कीर्तिमान बनाये हैं।

दुनिया में बहुत से मुल्क हैं जहां मुफ्त का चंदन घिसा और लगाया जाता है ,लेकिन वहां ये काम नीतिगत है। सरकार ठीक चुनाव के वक्त ही मुफ्त का चंदन घिसती और लगाती नहीं है। मुफ्तखोरी का भी एक नियम है ,एक नीति है जिसे हर सरकार को पालन करना होता है। विदेशों में जिन देशों ने केवल कुर्सी बचने के लिए मुफ्तखोरी को हवा दी उन सबकी हवा निकल गयी। बेनेजुएला हो या श्रीलंका या पकिस्तान ,सभी का भट्टा बैठ गया है । हमारा भट्टा कब बैठेगा,भगवान जाने। अभी तो हमारे यहां मुफ्तखोरी राष्ट्रीय चरित्र बन गया है। हम इसे लेकर कतई शर्मिंदा नहीं हैं। हमारे लिए ये गौरव का विषय है।

भारत में अक्सर लोग अपना 56 इंच का सीना ठोंक कर कहते हैं कि वे देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त का राशन दे रहे हैं। उन्हें इस बात को लेकर कोई लज्जा नहीं आती कि वे इस बड़ी आबादी के लिए रोजगार ,शिक्षा,स्वास्थ्य,मुहैया नहीं करा पाते। हमारे यहां राज्य का कर्तव्य भी मुफ्तखोरी से बाबस्ता कर दिया गया है और उसे भी अहसान की तरह जनता के सामने पेश किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर हमने कोविड के समय सभी को मुफ्त में टीके लगवाए। नहीं लगवाते तो जनता यमलोक चली जाती। ऐसा अहसान जताने वालों को लगता है कि जैसे सारा पैसा वे अपने पुरखों की कमाई में से खर्च कर रहे थे। दुसरे देशों में भी जनता को मुफ्त में टीके लगाए गए लेकिन गागराउनि केवल हमारे यहां ही गाई गयी।

जरूरतमंद जनता की मदद करने के लये राज सहायता एक अलग उपकरण था ,है। राज सहायता [सब्सिडी] में हितग्राही की भागीदारी होती है लेकिन मुफ्तखोरी में सब कुछ सरकार का होता है। राजनीतिक दलों की फूटी कौड़ी भी इस काम में खर्च नहीं होती। सत्तारूढ़ दल सरकार के खजाने को खाली ही नहीं करता बल्कि मुफ्त के माल को बेरहमी से बाँटने के लिए सरकार के ऊपर कर्ज का भारी बोझ भी लादकर जाता है। लेकिन ये बोझ अंततोगत्वा उठाता कौन है ? यही मुफ्तखोर जनता और समाज का मध्यम वर्ग। मुफ्तखोरी में गरीब से गरीब और अमीर से आमिर शामिल है । नेता शामिल है । हम पत्रकार शामिल है। बहनें शामिल हैं ,लड़कियां शामिल है। विधवाएं शामिल हैं,बूढ़े शामिल है । दिव्यांग शामिल हैं और हट्टे-कट्टे लोग भी शामिल हैं। क्योंकि सब एक ही थैली के चट्टे-बट्टे जो हैं। समाजवाद इस मुफ्तखोरी में ही है।

अपने अनुभव के आधार पर मेरा दावा है कि इस मुफ्त के चंदन घिसने और लगाने के कारोबार को न कोई राजनीतिक दल त्याग सकता है और न कोई कानून ,कोई कोर्ट ,कोई आयोग इसे रोक सकता है। सबके सब किसी न किसी तरह इस मुफ्तखोरी का हिस्सा हैं। मुफ्तखोर कौम ,मुफ्तखोर मतदाता,मुफ्तखोर युवा हमारे शासक वर्ग के लिए वरदान हैं। इन्हें कोई अपने पांवों पर खड़े होने के लिए नहीं कह सकता । इनके लिए कोई योजना नहीं बना सकता। बनाये भी क्यों ,जब के काम मुफ्त का चंदन गहिसने और लगाने से ही चल रहा है। ये मामला नैतिकता से जुड़ा है। जिस समाज में,व्यवस्था में नैतिकता शेष है वहां मुफ्तखोरी को जिल्ल्त माना जाता है लेकिन जहाँ नैतिकता मर चुकी है उस समाज में मुफ्तखोरी जनता का जन्मसिद्ध अधिकार है। जन्मसिद्ध अधिकार पर कोई रोक नहीं लगा सकता। यकीन न हो तो देख लीजिये । चार हफ्ते बाद सरकारों का सुप्रीम कोर्ट में क्या जबाब आता है ? मजे की बात ये है कि कलिकाल में मुफ्तखोरी को आंग्ल भाषा में ' फ्रीबीज ' कहा जाता है ,जो दरअसल फ्री बिजनेस है।

**@ राकेश अचल**

# बैठकी "जातिय जनगणना का राजनीतिक परिणाम-हवा-हवाई"

**दैनिक समाज जागरण**

ए सरजी, आजादी के बाद,सत्तासीनों ने संविधान को अपने मतलब के लिये,डस्टबीन बना दिया है।मुझे संविधान




की मूल भावना अर्थात नीति निदेशक तत्वों और फिर ठूसे गये विभिन्न प्रावधानों में विरोधात्मक सूर स्पष्ट दिखते हैं लेकिन हम बाध्य कर दिये जाते हैं।--मास्टर साहब ने बैठते हीं मुद्दा रख दिया।

बात समझनी ना। तनी साफ-साफ बुझवायीं!!--मुखियाजी बकुली रखते हुए।

मुखियाजी,हमारा संविधान कहता है कि किसी नागरिक के साथ धर्म, जाति,भाषा




के नाम पर भेद-भाव नहीं किया जा सकता लेकिन दुसरी तरफ अल्पसंख्यक, बहुसंख्यक, सवर्ण, पिछड़ा,दलित आदि के नाम पर राजनीतिक गोटी सेट करने के उद्देश्य से संविधान में कचड़ा भरता चला गया।--मास्टर साहब रुके।

ठीक कहा आपने,जब भारत के सभी नागरिक समान हैं तो अल्पसंख्यक का क्या प्रश्न है!! दुसरी बात की जब भाषा,उपजाति और संप्रदायों की बात होती है तब तो सामाजिक रुप से हर कोई अल्पसंख्यक हीं दिखता है।--पारसनेता अपनी कहे।

वाह !क्या बात कही नेताजी ने! आजादी के बाद से हीं कांग्रेस ने अल्पसंख्यकवाद को अपने राजनीतिक कूटनीति का, मुख्य आधार बना रखा है।क्योंकि मुस्लिम मानसिकता, समग्र रूप से राष्ट्रवाद को स्वीकार हीं नहीं करता। ऐसी स्थिति में संविधान के नीति निदेशक तत्वों की, धज्जियां उड़ाना कांग्रेस की मजबूरी थी। बाद में, मुझे याद है- इसके विरुद्ध हिंदुत्व मुखर होने लगा तो बतौर प्रधानमंत्री बी.पी.सिंह ने 1990 में 1979 की फूट डालो राज करो,की नियत से स्थापित आयोग की रिपोर्ट को लागू कर दिया। इससे पिछड़ों को शिक्षा और नौकरी में 27 प्रतिशत लाभ तो मिला लेकिन लाभ पिछड़ों में भी अल्पसंख्यक नहीं उठा पाये।लेकिन इस चाल ने,अबतक पांव पसारते अल्पसंख्यकवाद के विकल्प हिंदू बहुसंख्यकवाद को, जातिय बहुसंख्यकवाद ने गहरी चोट दी।--डा. पिंटू मुंह बनाये।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर पुनः वार्ता की ओर........

लेकिन डा. साहब !जातिय बहुसंख्यकवाद के आगे हिंदू बहुसंख्यकवाद ने पुनः 2014 में मोदी के नेतृत्व में रफ्तार पकड़ ली और 2019 में तो उसकी और भी गति तेज रही। अब स्थिति ऐसी बनी कि जातिय राजनीति से सत्ता सुख लेने वाले दलों के सामने गहरा संकट पैदा हो गया है। अब बेचारें विपक्षी क्या करें!! धार्मिक बहुसंख्यक के पक्ष में कोई आना नहीं चाहेगा क्योंकि अल्पसंख्यकों का हाथ से छिटक जाने का खतरा है। अल्पसंख्यक पूर्णतः मुट्ठी में रहें,इसके लिये गाहे-बेगाहे,धार्मिक बहुसंख्यक को गरियाने से भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि वो सहिष्णु प्रजाति के जीव हैं।--उमाकाका हाथ चमकाये।

काकाजी, बगैर बहुसंख्यक के चुनावी समर कैसे जीता जायेगा इसी को ध्यान में रखते हुए, मुगलों और अंग्रोजों की नीति फूट डालो,राज करो का प्रयोग विपक्षी



करने पर उतारु हैं। फिर वही फामूर्ला,जिसे 1990 में बी.पी. सिंह आजमा चूके थे,नितीश बाबुने बिहार में जातिय जनगणना करवा कर की है।--कुंवरजी बोल पड़े।

कुंवरजी, कमाल देखिये,अब बिहार की जातिय जनगणना की रिपोर्ट आ गई है तो सवाल लाजमी है कि देश के विपक्षी दल, एक ओर धार्मिक बहुसंख्यकवाद के विरोधी बनते है,फिर ये जातिय बहुसंख्यकवाद का समर्थन क्यों करते हैं!! अगर धार्मिक रूप से बहुसंख्यक का शासन बहुसंख्यकवाद मानते हैं तो जातिय बहुसंख्यक का शासन सामाजिक न्याय कैसे हो सकता है!!--मास्टर साहब ने सैद्धांतिक बात कही।



ए मास्टर साहब, भारत में राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर किसी जाति विशेष की हैसियत नहीं है कि वो शासन कर सके इसलिये एसटी,एससी,ओबीसी का क्लब बनाया गया। लेकिन ये क्लब एकजुट होकर अभी




तक किसी एक के साथ नहीं गये हैं।--पारसनेता बोले।

बाकि उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव आ बिहार में लालू यादव ओबीसी के राजनीति कइये के नु, राज कइले हा।--मुखिपाजी ने बात पकड़ी।

मुखियाजी,इन लोगों को जो सफलता मिली वो ओबीसी जातियों का जुड़ाव नहीं बल्कि यादव और मुस्लिम गठजोड़ था। अगर आप ओबीसी जातियों का वोटिंग पैटर्न देखियेगा तो इस क्लब की जातियां ओबीसीवाद से अधिक राष्ट्रवाद के नाम पर भाजपा के साथ हैं।--उमाकाका ने सही कहा।

ए सरजी,आपहुं जातिय बहुसंख्यकवाद प कुछ कहीं!!--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी, बिहार की जातिय जनगणना में ओबीसी बहुसंख्यक जाति के रुप में सामने दिख रहीं हैं और इस ओबीसी को अपनी ओर करने की राजनीति विपक्ष कर रहा है ताकि अल्पसंख्यकवाद और जातिय बहुसंख्यकवाद के जरिये वो सत्तासीन हो सके। लेकिन अबतक का इतिहास रहा है कि जब एक जाति विषेश का वर्चस्व कायम होने लगता है तो बाकी जातियां उसके खिलाफ खड़ी होती रहीं हैं और पही वर्चस्ववादी राजनीति में रोड़ा है। ओबीसी में कई जातियां हैं और सभी के अलग अलग नेतृत्वकर्ता। अब जो पिछड़ी जाति की पैरोकारी कर रहे हैं उन्हें, सबको समेंटना संभव नहीं। आपलोगों ने देखा है कि ओबीसी समुदाय में शामिल दुसरी जातियों ने अखिलेश यादव और लालू परिवार को नेता मानने की जगह भाजपा,नितीश, कांग्रेस या उस जाति विषेश के नेतृत्व को महत्व दिया है। वर्चस्ववादी जाति के राजनीति की राह में सबसे बड़ी बाधा अन्य ओबीसी की छोटी जातियों की एकता है क्योंकि बहुसंख्यक जाति विशेष की एकता की नकल करना स्वभाविक है।

इसलिये भले हीं जातिय बहुसंख्यकवाद का हौवा खड़ा करने की कितनी भी कोशिश की जाय,भारत में धार्मिक बहुसंख्यकवाद की राजनीति का भविष्य तो है लेकिन जातिय बहुसंख्यकवाद का भविष्य बिल्कुल नहीं है।-- मैं चुप हुआ।

ठीक कहनिहा ए सरजी, इ विपक्षिया सब,जातिय जनगणना के लेके जेवन हौवा खड़ा कइले बाड़े स,ओकरा में दम बा ना। बाकि राजनीति के एगो दाव खेलतारे स। बिहार चाहे यूपी में देखीं त हर जाति के आपन आपन नेता बा।खैर, अब चलल जाय।--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# निरंतर परिश्रम, संयम और संकल्प लक्ष्य प्राप्ति के प्रमुख अवयव।

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं' जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार , चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# भूपेन हजारिका

जीवन परिचय

डॉ. भूपेन हजारिका बहुझआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। असमझरत्न हजारिका जी असम अथवा भारत के ही नहीं पूरे संसार के लिए वे एक विश्व रत्न थे। वे संगीत रचनाकार, सुरकार, संगीतकार, संगीतझ निर्देशक, वाद्यझयंत्र वादक, अभिनेता, सिनेमा निर्देशक तो थे ही साथ ही साथ एक अच्छे कवि, गद्यकार, निबंधकार, नाट्यकार आदि भी थे। वे समन्वयवादी थे, कल्याणकारी थे, शांतिदूत थे। वे मानवतावादी थे, मानव के कल्याण के लिए स्वप्नद्रष्टाथे।[1]

**जन्म**

भूपेन हजारिका का जन्म सन 1926 के 8 सितम्बर को शदिया (असम) में हुआ था। नीलकांत हजारिका उनके पिता थे। वे स्कूल उपझपरिदर्शक थे। बाद में वे एस.डी.सी. बने थे। माँ का नाम था शांतिप्रिया हजारिका। भूपेन हजारिका के सात भाई और तीन बहने थीं। वे ज्येष्ठ थे।[1]

**शिक्षा**

बचपन में भूपेन हजारिका की शिक्षा गुवाहाटी के सेणाराम हाईस्कूल में, धुबुरी की एक पाठशाला में, फिर गुवाहाटी के कॉटन कलेजियेट स्कूल में और अंत में छठी कक्षा में (सन 1935 में) तेजपुर सरकारी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में हुई। सन 1940 में तेजपुर से वे मैट्रिक की परीक्षा पास करते हैं। सन 1941 में कॉटन कॉलेज में (उच्चत्तर माध्यमिक कला शाखा में) दाखिला लिया। सन 1942 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में स्नातक में उनका दाखिला होता है। सन 1944 में सम्मानसह शिक्षा में स्नातक की उपाधि मिलती है। सन 1946 में उसी विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि मिलती है। सन 1949 को वे पी.एच.डी. हेतु अमरीका की यात्रा करते हैं। सन 1952 में कोलम्बिया विश्वविद्यालय से पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त होती है। उनकी गवेषणा का विषय था

दाम्पत्य जीवन

भूपेन हजारिका की 23 वर्ष की उम्र में ही सन 1950 में 1 अगस्त को न्यूयार्क शहर में प्रियम पटेल के साथ उनकी शादी होती है। प्रियम काम्पला, यूगांडार के प्रसिद्ध चिकित्सक मूलजी भाई पटेल और उनकी पत्नी मणिबेन पटेल की बेटी हैं। इनका मूल निवास स्थान गुजरात है। गुजरात के नियम के हिसाब से औरत के स्वामी का नाम और बेटाझबेटी को बाप का नाम बीच में लिखने की परम्परा है। इसी कारण पत्नी का नाम शादी के पश्चात प्रियम भूपेन हजारिका (अथवा प्रियम बि. हजारिका) और बेटे का नाम कोल्लाक भूपेन्द्र हजारिका (अथवा कोल्लाक बि. हजारिका/पूर्णांग भूपेन्द्र हजारिका/तेज भूपेन्द्र हजारिका) पड़ा। कोल्लाक को असम के लोग तेज हजारिका से ही जानते हैं। कोल्लाक न्यूयार्क में तथा प्रियम कनाडा में रहती हैं। कोल्लाक व्यवसाय करते हैं।

**गीत संगीत का सफर**

भूपेन हजारिका एक बहुमुखी प्रतिभा संपन्न कलाकार थे। बचपन में ही उन्होंने अपना पहला गीत लिखा और 10 वर्ष की आयु में उसे गाया भी। असमिया भाषा की फि ल्मों से भी उनका नाता बचपन में ही जुड़ गया था। उन्होंने असमिया भाषा में निर्मित दूसरी फि ल्म इंद्रमालती के लिए 1939 में बारह वर्ष की आयु मृं काम भी किया। सुर सम्राट हजारिका ने करीब 70 साल तक अपनी आवाज से पूर्वोत्तर के साथ बॉलीवुड में भी छाए रहे। हजारिका ने अपनी फि ल्म का निर्देशन 1956 में किया। उन्होंने एरा बतर सुर से अपनी फि ल्म का पहला निर्देशन किया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# हर बुधवार 'शक्ति दीदी' आएंगी, समस्याओं का समाधान संग लाएंगी

**महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित योगी सरकार ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू की मुहिम**

**मुहिम के तहत प्रत्येक सप्ताह बुधवार के दिन 2 महिला पुलिस कर्मियों की टीम विभिन्न स्थानों पर महिलाओं को सरकार की महिला प्रधान योजनाओं के विषय में देगी जानकारी**

**ग्राम और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान शक्ति दीदी के साथ ग्राम, न्याय पंचायत के लिए नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर भी रहेंगी मौजूद**

**शहरी क्षेत्रों में भी मोहल्लावार कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही संपन्न कराई जाएगी, मिशन शक्ति योजना के अगले चरण के लिए गृह विभाग प्रस्तावित रूपरेखा पर करेगा काम**

लखनऊ, 7 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित योगी सरकार ने अब महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करने की मुहिम शुरू की है। इस मुहिम के तहत प्रत्येक सप्ताह बुधवार के दिन 2 महिला पुलिस कर्मियों (शक्ति दीदी) की टीम गांव और शहरों में विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं को सरकार की महिला प्रधान योजनाओं के विषय में जानकारी देंगी और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करेंगी। यही नहीं, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करके वो उनकी समस्याओं का निदान भी कराने का प्रयास करेंगी। ग्राम और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान शक्ति दीदी के साथ ग्राम, न्याय पंचायत के लिए नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर व अन्य भी मौजूद रहेंगी। शहरी क्षेत्रों में भी मोहल्लावार इसी प्रकार से कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही संपन्न कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को समर्पित योगी सरकार की मिशन शक्ति योजना के अगले चरण के लिए विभागवार कार्ययोजना का निर्धारण कर दिया गया है। गृह विभाग को शक्ति दीदी के रूप में प्रस्तावित रूपरेखा पर कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 3 बिंदुओं पर महिलाओं से किया जाएगा संवाद

ग्राम, न्याय पंचायतों के साथ शहरी क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से 'शक्ति दीदी' द्वारा अन्य सरकारी विभागों के कर्मियों से समन्वय कर 3 प्रमुख बिंदुओं पर ग्राम और न्याय पंचायत की महिलाओं के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। इनमें पहला बिंदु महिला सुरक्षा पर जागरूकता का प्रसार करना होगा, जबकि दूसरा बिंदु विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना होगा। वहीं तीसरा बिंदु महिला हिंसा से संबंधित तथा अन्य शिकायतों के निवारण के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व फोरम के संबंध में जानकारी प्रदान करना होगा।

### महिलाओं को समर्पित कानूनों के प्रति दी जाएगी जानकारी

पहले बिंदु यानी महिला सुरक्षा के तहत शक्ति दीदी का मुख्य संदेश महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना होगा। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न प्रमुख कानूनों जैसे घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज निषेध, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, अनैतिक व्यापार निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम एवं भारतीय दंड संहिता में महिलाओं की गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराध आदि की जानकारी देना होगा। उन्हें ये भी बताया जाएगा कि कैसे वे इन कानूनों का उपयोग करके अपने खिलाफ होने वाले अपराधों को रोक सकती हैं।

### महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के विषय में किया जाएगा जागरूक

इसी तरह शक्ति दीदी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान करेंगी। इनमें वो योजनाएं होंगी, जो योगी सरकार ने मुख्यतः महिलाओं को ध्यान में रखकर शुरू की हैं। चाहे वो मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना हो, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग करेस्पांडेंट सखी (बीसी सखी), राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेंटर सेफ सिटी योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई मशीन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, यूपी भाग्य लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना हो या महिला ई-हाट योजना। इन सभी योजनाओं के बारे में हर तरह की जानकारी देने के साथ ही इनका लाभ लेने के लिए क्या कदम उठाए जाएं, इस विषय पर भी जागरूक करेंगी।

### हेल्पलाइन नंबर और फोरम के विषय में किया जाएगा अवेयर

शक्ति दीदी महिलाओं को महिला हिंसा से संबंधित तथा अन्य शिकायतों के निवारण के लिए योगी सरकार द्वारा जारी किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर और फोरम के संबंध में भी जानकारी प्रदान करेंगी। महिलाओं को वुमेन पावर हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्प लाइन नम्बर-1026. चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर -1098, वन स्टाप सेंटर-181 साइबर हेल्प लाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एंबुलेंस सेवा- 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विषय में संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

# दशहरा व दीपावली के अवसर पर मनोरंजन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए लेनी होगी अनुमति।

## बिना अनुमति के कार्यक्रम का आयोजन होता पाए जाने पर होगी विधिक कार्रवाई।

**समाज जागरण**

जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला मनोरंजन कर अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने मनोरंजन कार्यक्रमों के स्वामियों/संचालकों/ प्रबन्धकों का आह्वान करते हुये जानकारी दी है कि दशहरा व दीपावली के अवसर पर जनपद के विभिन्न स्थलों पर लगने वाले मेलों में मनोरंजन की परिभाषा से आच्छादित कोई प्रदर्शन, प्रस्तुतीकरण, आमोद, खेल, कीड़ा (घुड दौड़ सहित), वीडियोगेम, झूले, गीत-संगीत, नृत्य, डी. जे. डांडिया अथवा अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों आदि का आयोजन होना सम्भाव्य है। इसके साथ ही जनपद में संचालित होटल, पब, रेस्टोरेन्ट, क्लब, पार्क, मॉल्स तथा अन्य स्थानों यथा-एक्सपोमार्ट, बुद्ध इण्टरनेशनल सर्किट आदि में भी विभिन्न प्रकार के मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन होना सम्भावित है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम चाहे कर मुक्त हो या कर देय हो दोनों ही स्थितियों में उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) अधिनियम, 1955 यथा संशोधित उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) अधिनियम, 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी जिलाधिकारी से आनलाइन अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया की ऑनलाइन अनुमति के लिए विद्युत और अग्नि सुरक्षा, कानून और व्यवस्था, लोक व्यवस्था तथा सुरक्षा के लिए समुचित सावधानी के साथ-साथ वायुप्रशीतन एवं वातानुकुलन सुविधा एवं अन्य विद्युत स्थापना की समुचित व्यवस्था का प्रमाण-पत्र सम्बन्धित विभाग से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। उन्होंने यह भी बताया कि बिना सक्षम प्राधिकारी अनुमति के किये जाने वाले कार्यक्रमों को बन्द कराने के साथ-साथ आवश्यक विधिक कार्यवाही भी की जायेगी, जिसमें 20,000 रुपए का अर्थदण्ड अथवा छः माह की कैद या दोनों से दण्डित किये जाने का प्राविधान है।
उन्होंने जनपद के समस्त मनोरंजन कार्यक्रमों के स्वामियों / संचालकों/प्रबन्धकों को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त प्राविधानों के अन्तर्गत आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्रों के साथ नियमानुसार अनुमति सक्षम प्राधिकारी से आनलाइन प्राप्त करने के लिए निवेश मित्र पर विभागीय पोर्टल पर 30 दिन पूर्व आवेदन करके अनुमति प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें तथा नियमानुसार देय जी0एस0टी0 भी जमा करायें। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# ग्रेटर नोएडा में टॉय और फर्नीचर पार्क के साथ ही ओडीओपी व एमएसएमई संबंधी उद्योगों की ओर योगी सरकार ने बढ़ाए कदम

**-यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) टॉय व फर्नीचर पार्क की स्थापना के साथ ही ओडीओपी व एमएसएमई उद्योगों को नई स्कीम के जरिए भूमि उपलब्ध कराने पर कर रहा फोकस**

**-यीडा ने सेक्टर 28, 29, 32 व 33 में नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्रियल यूनिट्स खोलने के मद में 4000 स्क्वेयर मीटर तक की प्लॉटिंग्स के लिए नई स्कीम के जरिए मांगे आवेदन**

**-27 अक्टूबर तक किया जा सकेगा आवेदन, 17 नवंबर को ड्रॉ का रिजल्ट जारी कर सफल आवेदकों की लिस्ट की जाएगी जारी**

**-स्कीम में प्लॉट लेकर 240 प्रकार के उद्योगों, 24 प्रकार के हस्तशिल्प, टॉय व 9 तरह के ओडीओपी प्रोडक्ट्स की मैनुफैक्चरिंग संबंधी यूनिट लगा सकेंगे उद्यमी**

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा, 7 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी व देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर स्थापित करने के साथ ही योगी सरकार प्रदेश को सूक्ष्म व लघु उद्योगों के एमर्जिंग हब के तौर पर भी स्थापित कर रही है। ग्रेटर नोएडा में टॉय व फर्नीचर पार्क की स्थापना करने व इस परियोजना में रिक्त प्लॉट्स के आवंटन के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने स्कीम शुरू की है। स्कीम के जरिए सेक्टर 28, 29, 32 व 33 में नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्रियल यूनिट्स खोलने के मद में 4000 स्क्वेयर मीटर तक की प्लॉटिंग्स के लिए आवेदन मांगे हैं। 27 अक्टूबर तक इस स्कीम में भूमि प्राप्त करने के लिए आवेदन किया जा सकता है और 17 नवंबर को ड्रॉ के जरिए सफल आवेदनकर्ताओं की सूची जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लाई गई इस स्कीम में प्लॉट लेने वाले उद्यमी 240 केटेगरीज के अंतर्गत आने वाले उद्योगों, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) 24 प्रकार के हस्तशिल्प, टॉय व 9 तरह के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) की मैनुफैक्चरिंग संबंधी यूनिट लगाने में सक्षम होंगे।

### 13542 प्रति स्क्वायर मीटर रेट के हिसाब से होगा अलॉटमेंट

यीडा की वेबसाइट पर संबंधित स्कीम की दी गई जानकारी के अनुसार, स्कीम में कुल 3 स्तर के भूखंडों में से कुल 109 प्लॉट्स का आवंटन इस प्रक्रिया के जरिए होगा। इसमें से भी 95 प्रतिशत भूखंड निर्धारित केटेगरी के तहत यूनिट्स लगाने के लिए व 5 प्रतिशत भूखंड स्टार्ट अप्स के लिए रिजर्व्ड रखे जाएंगे। वहीं, स्कीम में 13542 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से कुल प्रीमियल अमाउंट 60.93 लाख से लेकर 5.41 करोड़ के बीच निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत टॉय पार्क के लिए सेक्टर 33 में 1800 स्क्वेयर मीटर के कुल 5 प्लॉट्स बुक किए जाएंगे जिनका रजिस्ट्रेशन अमाउंट 24.37 लाख होगा तथा कुल प्रीमियम अमाउंट 2.43 करोड़ रुपए रहेगा। वहीं ओडीओपी व फर्नीचर पार्क केटेगरी के अंतर्गत आवेदन करने वाले आवेदकों को 60.93 लाख रुपए से लेकर 4.06 करोड़ रुपए का टोटल प्रीमियल निर्धारित किया गया है। इस केटेगरी में कुल 41 प्लॉट्स का आवंटन होगा जिसमें से 2 प्लॉट्स स्टार्टअप्स के लिए निर्धारित हैं। इसी प्रकार एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 6 चरणों में कुल 63 प्लॉट्स का आवंटन प्रक्रिया के जरिए होगा जिसमें से 61 संबंधित केटेगरी व 02 अलॉटमेंट्स स्टार्टअप्स के लिए होगा। इन प्लॉट्स का कुल प्रीमियम अमाउंट 40.62 लाख से लेकर 5.41 करोड़ रुपए के बीच रहेगा।

### वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज का मिलेगा लाभ

उल्लेखनीय है कि जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण बेहतर कनेक्टिविटी और पॉड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में भारत में अपनी तरह की पहली विश्व स्तरीय परियोजना समेत तमाम सुविधाओं का लाभ इस योजना के अंतर्गत प्लॉट लेकर मैनुफैक्चरिंग यूनिट लगाने वालों को मिलेगा। इस परियोजना के जरिए भूमि प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ता अगरबत्ती, एक्स रे मशीन से लेकर टेक्सटाइल समेत कुल 240 प्रकार के उद्योगों में से कोई एक औद्योगिक संयंत्र लगा सकते हैं। वहीं, चिकनकारी, बांस के उत्पाद समेत 24 प्रकार के हस्तशिल्प उत्पादन संयंत्र को सफल आवेदनकर्ता स्थापित कर सकते हैं। इसी प्रकार ओडीओपी केटेगरी के तहत स्कीम के जरिए भूमि प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ता बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर व कासगंज की जरीदोजी, लखनऊ की चिकनकारी, वाराणसी की सिल्क साड़ियां व मिजार्पुर की कालीन समेत 9 प्रकार की ओडीओपी लिस्टिंग्स के तहत उत्पादों का उत्पादन करने वाला संयंत्र स्थापित कर सकते हैं। इस परियोजना में प्लॉट्स लेने के इच्छुक आवेदक 27 अक्टूबर 2023 तक अप्लाई कर सकते हैं।

## निर्भया योजना के तहत बस स्टेशनों पर एलईडी डिस्प्ले पैनल लगेगा

योजना के लिए किया गया त्रि-स्तरीय समिति का गठन

100 बस स्टेशनों पर एलईडी डिस्पले पैनल्स एवं यात्री उद्घोषणा तंत्र की होगी स्थापना

लखनऊ तथा गाजियाबाद क्षेत्र की बसों में वीएलटी उपकरण एवं पैनिक बटन लगाने का कार्य शुरू

लखनऊ, 7 अक्टूबरः योगी सरकार की ओर से निर्भया योजना के अन्तर्गत बस स्टेशनों पर एलईडी डिस्प्ले पैनल लगाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई का निर्देश परिवहन निगम के अधिकारियों को दिया गया है। परियोजना के अंतर्गत 100 बस स्टेशनों पर एलइडी डिस्प्ले पैनल्स एवं यात्री उद्घोषणा तंत्र की स्थापना की जानी है। इसमें से 85 बस स्टेशनों की सूची अंतिमकृत कर ली गई है। शेष बस स्टेशनों की सूची शीघ्र ही उपलब्ध कराई जाएगी।

4 माह में करना होगा क्रियान्वयन

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि एनईसी कारपोरेशन संस्था के साथ निगम का अनुबन्ध हो चुका है। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 04 माह का समय निर्धारित किया गया है। परियोजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए संस्था को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जायेगा। परियोजना में लखनऊ तथा गाजियाबाद क्षेत्र की बसों में वीएलटी उपकरण एवं पैनिक बटन की स्थापना का कार्य प्रारम्भ हो चुका है तथा शीघ्र ही अन्य क्षेत्रों में यह कार्य प्रारम्भ होगा।

### क्षेत्रीय प्रबन्धक होंगे समिति के अध्यक्ष

प्रत्येक चिह्नित बस स्टेशन पर एलईडी डिस्प्ले पैनल के लिए उपयुक्त स्थान के चयन के लिए क्षेत्रीय स्तर पर त्रि-सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। सम्बन्धित क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबन्धक अध्यक्ष, बस स्टेशन से सम्बन्धित डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक संयोजक सदस्य एवं सेवा प्रदाता संस्था मै० एनईसी के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में होंगे। समिति द्वारा स्थल के चयन में इस बात का ध्यान रखना होगा कि डिस्प्ले पैनल को ऐसे स्थल पर लगाया जाये, जहां से यात्रियों हेतु अच्छी विजिबिलिटी रहे, पावर सप्लाई एवं इन्टरनेट कनेक्टिविटी सुगमता से उपलब्ध हो सके। पोल माउन्टिंग से डिस्प्ले पैनल लगाये जाने की स्थिति में यह सुनिश्चित अवश्य करना होगा कि इससे बसों के आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो तथा किसी बस से टकराने की संभावना न हो।

# स्वस्थता अभियान के अन्तर्गत जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर ने प्लास्टिक डिसपोजल मशीन का किया उद्घाटन।



माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 02-10-2023 से दिनांक 08-10-2023 तक गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किये जाने निर्देशित किया गया। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 07.10.2023 को माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर द्वारा न्यायालय परिसर, गौतमबुद्धनगर में प्लास्टिक डिशपोशल मंशीन का उद्घाटन किया गया। माननीय महोदय द्वारा बताया कि इस मंशीन से प्लास्टिक बोतल का डिस्पोशल किया जाता है। उक्त मंशीन के लगने से न्यायालय परिसर में साफ सफाई रहेगी एवं प्लास्टिक की वस्तुओं का डिशोपल उक्त मंशीन द्वारा किया जायेगा। शिविर में बताया कि जिस प्रकार से हम अपने घर पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते है इसी प्रकार अपने कार्यालय स्थल व अन्य स्थानो पर पाये जाने वाली गंदगी को देखने पर तुरंत उसकी साफ-सफाई करें व कराये और अपने आस पास के क्षेत्रों में पायी जाने वाली गंदगी को भी साफ-सफाई कराया जाये, जिससे इस स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने में हम सब की भागीदारी रहे। उक्त अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अवनीश सक्सैना, श्री प्रदीप कुमार, अपर जिला जज-प्रथम, श्री विकास नागर, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश, पॉक्सों एक्ट, श्रीमती मोना पंवार, अपर जिला जज-पंचम, श्री रणविजय प्रताप सिंह, अपर जिला जज/एफटीसी-प्रथम, श्रीमती प्रिंयका सिंह, अपर जिला जज/एफटीसी-द्वितीय, श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री सुशील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री जयहिंद कुमार सिंह, सिविल जज सी0डि0, श्री प्रदीप कुशवाहा, सिविल जज, सी0डि0/एफटीसी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं खनन अधिकारी की एक और बड़ी कार्रवाई।

## मिट्टी के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर 1 डंपर किया गया जप्त।




डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के नेतृत्व में जनपद में अवैध खनन एवं बालू व मिट्टी के परिवहन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से टास्क फोर्स समिति के द्वारा निरंतर अभियान चला कर जनपद में कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी श्रृंखला में जिला खान अधिकारी रणजीत निर्मल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस देर रात्रि डिप्टी कलेक्टर विवेकानंद मिश्रा, खान अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष दनकौर ने औचक निरीक्षण के दौरान यमुना एक्सप्रेस वे के सेक्टर 22ई से एक डंपर मिट्टी का अवैध खनन व परिवहन करते हुआ पकड़ा। जिला खान अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए डंपर को आगे की कार्यवाही के लिए थाना अध्यक्ष दनकौर को सुपुर्द किया गया है। जिला खान अधिकारी ने बताया कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से टास्क फोर्स समिति के द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ संपन्न।

## मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह ने तहसील दादरी में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए सुनी जनता की शिकायतें।

**गौतम बुद्ध नगर 07 अक्टूबर, 2023**

आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 213 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 13 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह ने दादरी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। दादरी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 145 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 7 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 14 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही कराया गया। जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर जनता के द्वारा कुल 54 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 04 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# छेड़खानी व गर्भवती महिला से मारपीट के दौरान नवजात शिशु के मृत्यु कारित करने के मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**सामाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**

वाराणसी। प्रभारी सत्र न्यायाधीश (राकेश पांडेय) अदालत ने मदरसे में नौकरी के नाम पर छेड़खानी व गर्भवती महिला से मारपीट के दौरान नवजात शिशु के मृत्यु कारित करने के मामले में आरोपी काजी सदुल्लापुरा, थाना जैतपुरा, रिजवा अहमद की अग्रिम जानता अजी को खारिज कर दिया। अदालत ने अग्रिम जमानत अजी का विरोध प्रभारी डीजीसी मुनीब सिंह चौहान व वादी के अधिवक्ता वरुण प्रताप सिंह ने किया।
अभियोजन के अनुसार बुनकर कालोनी निवासीय वादिनी मदरसा दायरतुल इस्लाह चिरागे उलूम में 2007 से प्रा-इवेट नौकरी पर 22 फरवरी 2009 को आधुनिक पद पर शिक्षिका के रूप में वहां पढ़ा रही हूँ। रिजवान अहमद ने मेरी सरकारी नियुक्ति के लिए मुझसे कहा था। 14 जून 2023 को रिजवान ने मास्टर बेलाल अहमद को मेरे घर 2 लाख रूपया सरकारी फाइल तैयार करने के नाम पर मांगा उसके बाद ये कहे रहे है कि तहतानिया की कीमत 15 लाख है। 15 लाख दोगी तो मैं सरकारी भर्ती करूंगा। 28 जून 2023 को उन्होंने बेलाल से कहलवाया आज मदरसे में आकर अपना रूपया लेलो जब वह आई तो उन्होंने मुझे एक कमरे में ले गए और कहा तुम अगर 13 लाख नहीं दे पा रही हो तो तुम मेरे साथ सम्बन्ध बना लो मैं तुम्हें सरकारी कर दूंगा। मैंने कहा मेरे पेट मे बच्चा है तो ये बोले कुछ होगा नहीं बस एक बार जब उसने रिजवान को धक्का दिया तो ये मुझें खींच कर गिरा दिया और मेरे पेट मे बच्चा होने की वजह से मेरे पेट मे दर्द होने लगा मेरी हालत बहुत ही खराब हो गई है। फिर कुछ लोग मुझे अस्पताल लेते हुए जहां पर पेट मे पल रहे बच्चे की जन्म से पहले मृत्यु हो गयी। बताते चले कि पीड़िया ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए जैतपुरा थाने पर गयी थी, लेकिन वहाँ पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने मुख्यमंत्री को खून से लिखा पत्र भेजा था। उसके बाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

# योगी सरकार का फार्मा पार्क विश्व में जमाएगा यूपी की धाक

**- जेवर एयरपोर्ट के पास 350 एकड़ में विकसित किया जा रहा अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क**

**- ललितपुर में दो हजार एकड़ में बन रहा बल्क ड्रग्स स्टार्टिंग मैटेरियल और एक्टिव फार्मास्यूटिकल पार्क**

लखनऊ, 7 अक्टूबरः उत्तर प्रदेश को फार्मा एवं बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हब बनाने के लिए जुटी योगी सरकार पीलीभीत और ललितपुर में फार्मा पार्क विकसित कर रही है। इसका काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं यहां सैकड़ों उद्यमियों ने निवेश के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। यह जानकारी हाल ही में कुर्सी रोड के बायोटेक पार्क में एडवाइजरी कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में साझा की गयी। बैठक में देश भर के बायोटेक और फार्मा क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए थे।

### ललितपुर में दो हजार एकड़ में विकसित किया जा रहा फार्मा पार्क

बैठक में नई फार्मा पालिसी-23 के तहत भारत सरकार को बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए यूपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक में विशेषज्ञों को बताया गया कि योगी प्रदेश को मेडिकल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में जोर शोर से काम कर रही है। इसके तहत योगी सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास 350 एकड़ में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में अत्याधुनिक मेडिटेक पार्क विकसित कर रही है, जहां 100 से ज्यादा उद्योग स्थापित होंगे। इसी तरह बल्क ड्रग्स स्टार्टिंग मैटेरियल और एक्टिव फार्मास्यूटिकल के निर्माण के लिए ललितपुर में दो हजार एकड़ में अत्याधुनिक फार्मा पार्क को विकासित किया जा रहा है। इसके निर्माण से देश अन्य देशों से मंगाए जाने वाले उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा। इससे भारत दूसरे देशों को भी उपकरण और दवाएं सप्लाई कर सकेगा। मालूम हो कि भारत को विश्व में दवाओं की कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाले विश्व फामेर्सी के लिए जाना जाता है। यहां से करीब दो सौ देशों को दवा सप्लाई की जाती है। बायोटेक टेक्नोलॉजी के विकास, स्किल डेवलपमेंट के लिए बायोटेक पार्क में बनेगी विंग योगी सरकार पीलीभीत में अत्याधुनिक बायोटेक पार्क बनाने की दिशा में योजना तैयार कर रही है। इसके निर्माण से देश फर्मेंटेशन पर आधारित वस्तुओं के आयात को कम कर सकेगा। वहीं बैठक में बायोटेक टेक्नोलॉजी इंस्टीयूट के विकास, स्किल डेवलपमेंट एवं इंक्यूबेशन के लिए बायोटेक पार्क में विंग स्थापित करने पर सहमति बनी। इसमें 400 फामेर्सी और बायो टेक्नोलॉजी संस्थान के छात्रों को रोजगार और स्वरोजगार में सहायता मिलेगी। के साथ वैज्ञानिकों को बायोटेक पार्क में अपनी नई तकनीकी का विकास कर प्रदेश को कैसे मजबूत करें इस पर भी मंथन किया जाएगा।

# डेंगू सहित अन्य संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के संबंध में जिलाधिकारी ने की बैठक

**सामाज जागरण वाराणसी**

वाराणसीः जिलाधिकारी श्री एस राजलिंगम की अध्यक्षता में डेगू नियंत्रण और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा रायफल क्लब सभागार में की गई। जनपद वाराणसी में डेंगू के वर्तमान संचरण काल के दृष्टिगत किए जा रहे प्रयासों और आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी, शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक व लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय रामनगर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा अपने चिकित्सालय में की जा रही जांच उपचार और नवाचारों के विषय में बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इंटीग्रेटेड कमांड सेंट्रल सिगरा से डेंगू नियंत्रण की गतिविधियां संचालित की जाएं साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर में डेंगू मरीजों की लोकेशन, हॉटस्पॉट व हॉटस्पॉट के अंदर फागिंग और छिड़काव की गतिविधियों का अंकन और मैपिग करके डिस्प्ले किया जाए।कमांड सेंटर में आने वाली प्रत्येक कॉल को रिसीव करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सलाह दी जाए। इसका एक रजिस्टर अलग से बनाया जाए जिसमें कॉल के सभी विवरण अंकित किए जाएं।यदि किसी व्यक्ति को फीवर से संबंधित शिकायत है और इस संबंध में जांच और उपचार संबंधी जानकारी चाहिए तो कमांड सेंटर के हेल्पलाइन नंबर 0542 27 2 000 5 पर संपर्क करें।स्मार्ट सिटी को उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक चौराहे पर डिस्प्ले के माध्यम से आम जन को संचारी रोगों के विषय में क्या करें व क्या ना करें की जानकारी दी जाए। सभी स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों में शिफ्टवार चिकित्सकों की ड्यूटी के साथ ही सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित विभागों को पूरी तरह अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए।

# दाउददनगर नगर भवन पूजा पंडाल के दिगम्बर मंदिर में लगेगा माँ दुर्गा का दरबार।

**दैनिक समाज जागरण**
**अमरेश कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय के दाउददनगर मेन रोड स्थित नगर भवन परिसर में नवयुवक पूजा समिति द्वारा महाराष्ट्र के दिगंबर जैन मंदिर के आकार का पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। बताया जाता है दिगंबर जैन मंदिर के हूबहू आकार देने में पंडाल की लागत एक लाख 50 हजार रुपए खर्च आ रही है । समिति के अध्यक्ष सत्यम शर्मा ने बताया कि पंडाल निर्माण की प्रक्रिया शुरू है। बाहर से आये कारीगरों के द्वारा इसका निर्माण किया जा रहा है। उपाध्यक्ष बिनोद कुमार ने बताया कि पिछली बार भी भव्य पंडाल में मां दुर्गा विराजमान हुई थीं। इलाके में यह पंडाल और उसकी सजावट काफी चर्चित हुआ था। पिछली बार वाले पंडाल की चर्चा भी सुर्खियों में रही थी। काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मां दुर्गा के दर्शनार्थ व पंडाल का अवलोकन करने यहाँ पहुंची थी। पंडाल निर्माण का काम युद्ध स्तर पर जारी है। धूम- धाम से पूजा संपन्न करने को लेकर कोषाध्यक्ष मुन्ना कुमार, समिति के सदस्य वितेश कुमार, सुनील कुमार ,भोला सिंह आदि युद्ध स्तर पर लगे हैं ।संरक्षक मुन्नी लाल ने बताया कि आकर्षक झांकियां के साथ प्रतिमा का भव्य रूप दिया जा रहा है ।मंडप में मां दुर्गा ,लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश , कार्तिक की प्रतिमा रखी जाएगी। द्वारा मां दुर्गा के प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सदस्यों ने बताया कि पूजा में लगभग 4 से 5 लख रुपए खर्च होने की संभावना है। मां दुर्गा के मंडप को सजाने के लिए आकर्षक लाइट एवं रंगीन बल्ब की व्यवस्था की जा रही है। कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा की आराधना आरंभ हो जाएगी। कमेटी के सदस्य सहयोग राशि इकट्ठा करने में भी जुटे हैं ।पूजा पंडाल में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो कमेटी द्वारा इसका खास ख्याल रखा जा रहा है ।लाइटिंग से लेकर सीसीटीवी कैमरा लगाने तक की व्यवस्था की जा रही है ।

# जनसंवाद कार्यक्रम के अंतिम दिन रालोजद अध्यक्ष ने विभिन्न गांवों का किया दौरा

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह विधानसभा क्षेत्र में चार दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम के अंतिम दिन राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा व पूर्व विधायक सह पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रणविजय कुमार ने शनिवार को गोह प्रखंड के दादर, डिहुरी, झिकटिया, महदीपुर, हरिगांव, अरंडा, महाराजगंज, हथियारा आदि गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या को सुना। जहां लोगों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। रालोजद सुप्रीमो ने कहा कि बिहार का जितना विकास होना चाहिए था उतना नहीं हो सका। यहां की सरकार जाति पाति कि राजनीति करने में लगा



हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को पढ़ने के समय ही बिजली गुल हो जाती है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा, प्रदेश महासचिव राम कुमार वर्मा, प्रदेश युवाध्यक्ष हिमांशु पटेल, जिलाध्यक्ष अशोक मेहता, गुड्डू कुशवाहा, वशिष्ठ शर्मा, सुभाष चन्द्रवंशी, अशोक राम, निर्भय पासवान, निरंजन कुमार, विनोद कुमार सिन्हा, नंदकिशोर कुशवाहा, चितरंजन वर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# माताओं ने पुत्रों के दीघार्यु कामना के लिए की पूजा, मंदिरों मे उमडी भीड।

**दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर**

दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय में पुत्रों के दीघार्यु कामना का जीवितुत्रिका व्रत आस्था व परंपरा पूर्वक मनाया गया। नहाय खाय के बाद व्रती महिलाओं ने उपवास रखकर अपने संतान के दीघार्यु होने की कामना की एव शाम में स्नान करने के बाद थाल में पूजन सामग्री ,सोने या चांदी के जिउतिया के साथ मंदिरों मे पहुचकर पूजा अर्चना की। शहर के बाजार चौक, कसेरा टोली चौक,पटवा टोली ईमली तल एवं पुराना शहर चौक स्थित भगवान जीमुतवाहन मंदिरों में अपराह्न तीन बजे से ही श्रद्धालुओ का आगमन आरंभ हुआ जो देर रात तक जारी रहा । भगवान जीमुतवाहन के समक्ष दीप जलाकर ,रोडी चंदन के साथ सोने, चांदी या धागे की बनी हुई जिउतिया रखकर पूजा अर्चना की गई । घी के दीप जलाये गए। उपस्थित पुजारी से भगवान जीमूत वाहन की कथा सुनकर मन्नते. मांगी गई । सभी जीमुतवाहन चौकों पर पूजा अर्चना को लेकर व्रती महिलाओं की काफी भीड़ जमी रहसंबंधित समितियों द्वारा रोशनी आदि की व्यवस्था भी की गई थी। पूजा अर्चना का सिलसिला देर रात तक



जारी रहा। लाल देव काला देव सभी मंदिरों के इर्द-गिर्द शांति व्यवस्था को लेकर सतर्क देखे गए। अनुमंडल प्रशासन द्वारा 18 जगहों पर दंडाधिकारी के द्वारा पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। सभी चौको पर महिला पुलिस की ब्यवस्थआ की गई थी। ी।कांस्यकार समिति, पटवा टोली नवयूवक संघ,बाजार चौक समिति एंव ज्ञान दीप समिति द्वारा पूजा को लेकर विशेष प्रबंध किये गए थे। बैरिकेटिग कर मंदिर परिसर में ही सिर्फ व्रती महिलाओं एवं नक्कलो को ही जाने दिया जा रहा था। मंदिर परिसर की सजावट करते हुए

# क्या किसी समाज के कमजोर लोगों पर जुल्म ढ़ाहने के लिए बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में पुलिस की पदस्थापना हुई है ! यह अहम सवाल अपने आप में जॉच का विषय हैं।

**समाज जागरण,अनिल कुमार मिश्र , ब्यूरोचीफ, बिहार झारखंड प्रदेश।**

औरंगाबाद (बिहार ) 07 अक्टूबर 2023:- बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले का नबीनगर पुलिस इंस्पेक्टर का कोई थाना ऐसा नहीं है, जहां लुटेरे वर्ग की और से पीड़ितों एवं समाजसेवियों के ऊपर जुल्म नहीं ढ़ाहेजाते हैं नबीनगर पुलिस अंचल के पुलिस पदाधिकारी अपराध कर्मियों के और से पीड़ितों व समाज सेवियों के उपर जुल्म को ढ़ाहना अपना पुनीत कर्तव्य समझते है और अत्याचारियों की ओर पीड़ितों व समाज सेवियों पर दमन की चक्र चलाते है। जिसकी एक कड़ी मोटरसाइकिल के उपर हाथों में हथियार लेकर निशाना लगाते हुए युवक का वायरल तस्वीर है। मोटरसाइकिल के उपर हाथों में हथियार लेकर निशाना लगाते हुए युवक का वायरल तस्वीर पर समाज



जागरण द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में पुलिस इंस्पेक्टर नवीनगर का कहना है की वायरल खबर को मैं देख रहा हूं। मैं थाना अध्यक्ष को जांच करने के लिए बोल दिया है ,यहां पर किसी तरह का कोई आतंक नहीं है। फोन पर विशेष कुछ कहा नहीं जा सकता है।

अब सवाल उठता है कि अनेको कांड़ का कोई भी ब्यक्ति अभियुक्त हैं तो पुलिस उसे गिरफ्तार क्यों नहीं करती है।

ऑन द रिकॉर्ड, जनता की शिकायत एवं सर्वेक्षण तथा पुलिस का प्रतिक्रिया बताते हैं की औरंगाबाद पुलिस अत्याचारियों की ओर से दमन की कार्रवाई पीड़ितों एवं जनहित में आवाज उठाने वालों पर करती है । क्या बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में कमजोर लोगों पर जुल्म ढ़ाहने के लिए औरंगाबाद जिले में पुलिस की पदस्थापना हुई है ! यह अहम सवाल अपने आप में जॉच का विषय हैं।

# बुढार नगर में लगेगा विशाल निशुल्क स्वास्थ शिविर

*भारत मेडिकल हाल की पहल पर होने जा रहा है आयोजन , नामी चिकित्सकों के मार्गदर्शन में मिलेगा लोगों को स्वास्थ लाभ ।*

**समाज जागरण**

बुढार ।नगर के प्रसिद्ध केमिस्ट भारत मेडिकल स्टोर के द्वारा बिलासपुर (छत्तीसगढ़) की संस्था आर.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के सहयोग से दिनांक 08/10/2023 को बुढार स्थित शू माल प्रांगण में एक-दिवसीय विशाल निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है , यह शिविर सुबह 11 बजे से शाम 5 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रमुख रूप से स्त्री एवं प्रसूति रोग , नेत्र से संबंधित समस्याएं, चर्म रोग , हड्डी , हृदय रोग , दंत रोग , किडनी से संबंधित रोगों की जांच एवं परामर्श दिया जायेगा , भारत मेडिकल हाल के संचालक अविनाश नानकवानी ने आसपास के क्षेत्र के लोगों से इस निशुल्क स्वास्थ शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

# ग्रामीण अंचल में अवैध रूप से पेट्रोल की बिक्री

जयसिंहनगर ।ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को ऊंचे रेट पर पेट्रोल प्रदान की जा रही है। पुलिस की लापरवाही एवं अधिकारियों की अनदेखी के कारण किराना दुकान संचालकों द्वारा मनमानी की जा रही है और अनेक जगहों पर अवैध रूप से पेट्रोल बेचे जा रहे हैं ।बिनैका, गिरुई बड़ी, ठेंगरहा, कनरी कला के अलावा मानपुर मुख्य मार्ग के किनारे ग्रामीण अंचल की दुकानों में अधिक रेट पर पेट्रोल बेचा जा रहा है।

# सांसद पहुंचे जदयू जिला महासचिव के घर हसपुरा, राजनीति पर हुई चर्चा

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा बाजार के पटेल चौक स्थित जदयू जिला महासचिव प्रियदर्शी महिपाल राव चौहान के घर काराकाट सांसद महाबली सिंह पहुंचे और हाल क्षेम पूछा।बता दें कि गत दिनों जिला महासचिव के मां का देहांत हो गया था। व्यस्तता के कारण सांसद महाबली सिंह नहीं पहुंच पाए थे। इस दौरान उन्होंने वर्तमान राजनीति पर चर्चा भी कार्यकताओं से किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा की तैयारी में सभी कार्यकर्ता तत्परता से जुट जाएं। सांसद महाबली सिंह ने जाति गणना के सवाल पर कहा बिहार सरकार का जाति गणना को सार्वजनिक करना ऐतिहासिक कदम है। इससे कमजोर वर्ग व अतिपिछड़ा सहित सभी लोगों को अधिकार की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा बिहार सभी जगहों पर विकास कार्य में तेजी



हुआ है। अगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सभी क्षेत्रों में होगी। पीएम नरेन्द्र मोदी के जुमला अब चलने वाला नहीं है। बिहार की जनता तो क्या पुरे देश के लोग समझ में आ गया हैं। वहीं सांसद प्रतिनिधि डॉ आर यू कुमार के माता जी के श्राद्ध कार्य में सांसद महाबली सिंह पहुंचे और उनके माता लालमणि कुंवर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया है। इस मौके पर उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी, हृदयानंद सिंह, ललन चौरसिया , विंदेश्वर शर्मा , वृजमोहन वर्मा, रामजीत सिंह , विद्यानंद सिंह, अरूण प्रसाद सिंह, सांसद प्रखंड प्रतिनिधि रूपेश कुमार , मुखिया प्रतिनिधि र-ाकेश सिंह,बिन्देश्वरी सिंह, विनोद सिंह,संतोष सौण्डिक , श्रीनिवास सिंह,संजीत कुमार, धन्नजय कुमार मुन्ना, प्रगति कुमार, जयप्रकाश कुमार ,रवि पटेल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# काम पूरा नहीं होने तक जारी रहेगा संघर्ष, चलाया गया जागरूकता अभियान।

**दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर**

बिहटा- औरंगाबाद रेलवे लाइन निर्माण संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में बाजार समिति प्रांगण में आंदोलन पर विचार विमर्श के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक के बाद अनुमंडल मुख्यालय में जन जागरण अभियान चलाते हुए प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री को पोस्टकार्ड एवं हस्ताक्षर भेजने के लिए जागरूक किया गया ।मुख्य संयोजक ने कहा कि नौ वर्षों की आंदोलन के बदौलत बंद पड़े बिहटा- औरंगाबाद रेलवे लाइन निर्माण का रास्ता खुल गया है ।35 किलोमीटर तक सर्वे का काम हो चुका है डीपीआर भी बन रहा है ।लेकिन मात्र 87 करोड़ से क्या होने वाला है ।जब तक 39 सौ करोड़ की राशि नहीं मिलेगी, तब तक रेलवे लाइन निर्माण का कार्य कैसे शुरू होगा। केंद्र सरकार द्वारा



बिहार सरकार को जमीन अधिग्रहण करने के लिए प्रस्ताव भेजने की बात कहने के बाद भी मुख्यमंत्री कान में तेल डालकर सोए हुए हैं ।पोस्टकार्ड व हस्ताक्षर के द्वारा रेलवे संघर्ष समिति प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री को अनुरोध पत्र भेज रहा है। एक लाख लोगों के द्वारा पोस्ट कार्ड एवं हस्ताक्षर कराकर भेजा जाएगा ।उन्होंने कहा कि यह चार लोकसभा क्षेत्र के लगभग 70 लाख जनता की चिर- प्रतिक्षित मांग है ।मौके पर संयोजक मंडल के सदस्य रजनीश यादव ,ओम प्रकाश कुमार ,मंटू यादव, चंदन दास, नंदकिशोर दास ,कालू प्रजापत, मुन्नीलाल रविदास ,राम जन्म दास, अनंत कुमार ,शैलेश दास, रामरूप दास ,महेंद्र दास ,अखिलेश दास, रामजीवन दास ,छोटू कुमार अहमद अंसारी ,रफीक अंसारी, सत्येंद्र कुशवाहा ,निरंजन कुमार ,उपेंद्र राजवंशी ,गजेंद्र राजवंशी समेत अन्य लोगों उपस्थित रहे।

# चिकित्सक सह सांसद प्रतिनिधि के माता जी के श्राद्ध कार्य में पहुंचे काराकाट के सांसद व पूर्व विधायक मनोज शर्मा

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के जाने-माने चिकित्सक सह अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि बघोई गांव स्थित पांडे बिगहा निवासी डॉ आर यू कुमार के माता स्वः लालमणि कुंवर के श्राद्ध कार्य में शनिवार को पहुंचे काराकाट क्षेत्र के सांसद महाबली सिंह एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी तथा पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने स्वः लालमणि कुंवर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं सांसद व पूर्व विधायक ने उनके माता जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश प्रकट करते हुए लोगों के बीच साझा किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विंदेश्वरी शर्मा , ललन चौरसिया , वृजमोहन वर्मा , रुपेश



कुशवाह विनय पटेल , अमरेश पटेल , मदन सिंह, गोह के मुखिया प्रतिनिधि राजू वर्मा, पैक्स अध्यक्ष राजीव विधार्थी , सुनील शर्मा, पत्रकार सत्यदेव सिंह, प्रेम कुमार, एकलाख खां , ईश्वर दयाल यादव , सिंटू पटेल, सौरभ वर्मा, विजय शर्मा , निरंजन कुमार गुप्ता , बिट्टू सिंह , मनोज राम सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मजदूर कांग्रेस (इंटक) ने नागपुर-शहडोल-नागपुर चलने वाली ट्रेन को अम्बिकापुर से नागपुर चलाने की मांग उठाई ।

अनूपपुर )। कल इंटक के प्रदेश सचिव विक्रमा सिंह अपने इंटक के एक प्रतिनिधी मंडल के साथ बिजुरी रेलवे स्टेशन पहुँच कर माननीय श्री अश्विनी वैशणव ,केन्द्रीय रेल मंत्री-भारत सरकार,नई दिल्ली एवं डी.आर.एम. एस.ई.सी.आर. बिलासपुर (जोन) के नाम बिजुरी रेलवे स्टेशन मास्टर को गाडी संख्या 11201/11202 नागपुर-शहडोल-नागपुर को अम्बिकापुर-नागपुर - अम्बिकापुर से परिचालन किये जाने का ज्ञापन सौपा ।

इंटक ने अपने ज्ञापन में कहा हैकि बडे ही हर्ष का बिषय है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,बिलासपुर मंडल आदिवासी बहुल्य व श्रमिक बहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र के क्षेत्रवासी लम्बें समय से अम्बिकापुर से नागपुर के आलावे कई ट्रेन लगातार मांग करते रहे है। जिसमें आप के द्धारा शहडोल से नागपुर के मध्य गाडी संख्या 11201 /11202 का परिचालन का भव्य शुभारम्भ कल किया गया । मध्यप्रदेश इंटक के अध्यक्ष श्रीमान आर.डी.त्रिपाठी जी एवं प्रदेश इंटक परिवार के तरफ से श्रीमान अश्विनी वैष्णव जी ,रेल मंत्री-भारत सरकार,नई दिल्ली एव श्रीमान डी.आर.एम. महोदय दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (जोन) का हम सभी इंटकजन वदंन-अभिनंद व आभार व्यक्त करते है । यह कि माननीय महोदय द्धय के द्धारा शहडोल से नागपुर रेल परिचालन के निर्णय से बुढार, अमलाई, जिला अनूपपुर ,बैकुण्ठपुर, अम्बिकापुर क्षेत्र के रहवासी सरकार द्धारा किया गया व्यवहार छलपुर्ण लगता है और लोकहीत, जनहीत की बातें भी महज खोखली लगने लगती है । आप निवेदन है कि मजदूर संगठन इंटक के पत्र पर गम्भीरता से आदिवासी अंचल में विकास के द्दष्टगत अपने निर्णय पर पुर्नविचार करते हुये गाडी संख्या - 11201/11202 का परिचालन अम्बिकापुर-नागपुर-अम्बिकापुर करने महती कृपा करें । आप के इस सराहनीय पहल से पुरा आदिवासी अंचल आप का सदैव कृतज्ञ रहेगा । इंटक प्रतिधिधि मंडल में इंटक जिला अध्यक्ष बालेन्द्र सिंह , इंटक जिला कोषाध्यक्ष सोनू सिंह ,इंटक नगर अध्यक्ष समेश यादव ,इंटक ब्लाक महामंत्री अशोक तिवारी ,नगर महामंत्री तेजभान सिंह , आमप्रकाश त्रिपाठी, राकेश पाल , नगर महामंत्री गगांराम नामदेव , दीलिप यादव, उमाकान्त प्रजाप्रति, केदारनाथ जोगी, छोटेलाल प्रजाप्रति, दुकालू यादव, राहूल साहू, आनन्दमोहन, विवके परिहार, रामखेलावन आदि शामिल रहे ।

# सुरार गांव मे दुर्गा पूजा की तैयारी लगभग पूर्ण अतिथियों का होगा आगमन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 7 अक्टूबर 2023 नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी सुरार में दुर्गा पूजा की तैयारी की समीक्षा को लेकर पूजा समिति द्वारा बैठक किया गया बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र तथा संचालन सचिव धनंजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। सचिव धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि पंडाल बनाने से लेकर सजावट तक कार्य पूर्ण कर लिया गया है ।पूजा समिति के सदस्यों द्वारा पूजा प्रांगण को साफ सफाई किया गया । बैठक मे आय ब्यय की भी समीक्षा किया गया। बैठक मे पूजा समिति के सचिव धनंजय कुमार सिंह और अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने



बताया कि मां का पट्ट खुलने के दिन विशिष्ट अतिथिओ का भी आगमन होना सुनिश्चित हुआ है।

बैठक में मार्कण्डेय सिंह, कृष्ण सिंह, सिंह ,कुलदीप सिंह,संजय सिंह, ज्जितेंद्र सिंह, पिंटू ठाकुर,अनृद्ध सिंह, ,पंकज कुमार ,रामाधार पासवान, उपेंद्र राम,शंभू यादव,सुनील सिंह, चनर यादव, राजाराम सहित अन्य उपस्थित थे।

# मेंटेनेंस को लेकर विधुत आपूर्ति रहेगी बाधित

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 7 अक्टूबर 2023 :- मेंटेनेंस कार्य को लेकर रविवार की सुबह दस बजे से 2:30 बजे तक हरदत्ता, जमुआ और बैरांव फीडर से विद्युत आपूर्ति पुरी तरह बंद रहेगी। उक्त विषय में जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के कनीय अभियंता प्रिय कंचन निराला ने बताया कि नवरात्र में निर्बाध बिजली सप्लाई हेतु 33000 केवी का मेंटेनेंस किया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता दस बजे से पहले घरों में पानी स्टॉक कर लें और बैटरी चार्ज कर लें।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 7 अक्टूबर 2023 :- अंबा थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान शनिवार के सुबह 9:25 बजे अंबा चौक से शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान बारुण थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहर बिगहा गांव निवासी चितरंजन मेहता के रूप में हुई है। यह कार्यवाही पीएसआई सुमित सुमन की। उन्होंने बताया कि तस्कर बाइक पर शराब लादकर हरिहरगंज की तरफ से आ रहा था। इसी क्रम में पुलिस ने उसे दबोच लिया। जांच के दौरान 180 एमएल की 64 बोतल रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की तथा 180 एमएल की 10 बोतल झारखंड निर्मित टनाका देसी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि मद्य निषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# कुटुंबा विधानसभा की बीएलए 1 बनी रेखा देवी

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार)7 अक्टूबर 2023 :- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के द्वारा श्रीमती रेखा देवी को कुटुंबा विधानसभा का बीएलए 1 बनाया है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने पर रेखा देवी ने प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कुटुंबा विधानसभा में सभी बूथ पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता को बीएलए 2 बनाया जाएगा और घर-घर



जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाएगा। बीएलए 1 बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वालों में कुटुंबा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, संड़ा मंडल अध्यक्ष दिलीप पासवान, कुटुंबा विधानसभा प्रभारी उदय प्रताप कुमार सिंह, कुटुंबा विधानसभा संयोजक जीतू तिवारी, भाजपा नेता ईश्वरी कुमार सिंह, अशोक सिंह, गुड्डू सिंह, मृत्युंजय सिंह, जगन्नाथ आदि लोग शामिल हैं।

# बीबीपुर में नवविवाहिता के घर से बाहर फेंका हुआ मिला शव

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा थाना क्षेत्र के टाल गांव के टोला बीबीपुर में एक नवविवाहिता का शव गांव से बाहर बधार में फेंका हुआ पुलिस ने बरामद किया है। जिसकी पहचान बीबीपुर निवासी विकास राजबंशी की 22 वर्षीय पत्नी प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने बताया कि सूचना मिली की बीबीपुर गांव के बधार में महिला का शव फेंका हुआ है। दलबल के साथ पुलिस बीबीपुर गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पुरी कर पोस्टमार्टम में सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या है या आत्म हत्या इसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई गोह ने किया पुनर्गठन

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई गोह ने छात्र संघ कार्यालय में जिला संयोजक अभय कुमार नेतृत्व में शनिवार को प्रखंड इकाई



का पुनर्गठन किया है। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मां भारती, मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद चित्र पर पुष्प अर्पित कर परिषद गीत के साथ किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गौरव मिश्रा ने पुराने इकाई को भंग कर नई इकाई की घोषणा चुनाव अधिकारी के रूप में किया। मगध विश्वविद्यालय संयोजक पुष्कर अग्रवाल ने सभी नवीन दायित्वधारी कार्यकताओं को उनके दायित्वों के बारे में बताया साथ ही छात्रहित, राष्ट्रहित, समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रवण कुमार ने किया। सर्वसम्मति से गोह नगर अध्यक्ष सोनू कुमार, उपाध्यक्ष संध्या कुमारी, नगर मंत्री उत्तम मिश्रा, नगर सह मंत्री चंदन कुमार, राहुल, काजल शर्मा, एसएफडी रितेश, कला मंच प्रमुख अमन कुमार, खेल प्रमुख सुबोध कुमार, एसएफएस वरुनाजय व सुनील, ओमप्रकाश, मनजीत, सुकेश को नगर कार्यकरणी सदस्य का दायित्व दिया गया।

# इंटर स्तर की मान्यता हुई बहाल।

**दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर**

दाउदनगर के महिला महाविद्यालय की इंटर स्तर की मान्यता बहाल हो गई है ।जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ रामनरेश सिंह एवं प्रख्यात डा.यशलोक कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति नियमावली 2011 (यथा अद्यतन संशोधित)के आलोक में महाविद्यालय की संबद्धता सत्र 2024-26 से कला एवं विज्ञान संकाय में तीन-तीन सेक्शन में नामांकन की स्वीकृति प्राप्त हो गई है ।अगले सत्र से इंटर में भी नामांकन प्रारंभ हो जाएगा।

# धनबादःआरपीएफ ने अवैध शराब कारोबारियों पर ढाया कहर, झुग्गी-झोपड़ी में लगाई आग

धनबाद न्यूजः-धनबाद स्टेशन के दक्षिण छोर में रेलवे फाटक के समीप आज अतिक्रमणकारियों पर धनबाद आरपीएफ पोस्ट और बैंकमोड़ थाना के अधिकारियों और जवानों ने कहर ढा दिया. लगभग एक दर्जन अवैध शराब कारोबारियों की झुग्गी-झोपड़ी में जवानों ने



आग लगा दी, ताकि दोबारा रेलवे लाइन के किनारे झोपड़ी बनाकर शराब, गांजा, हेरोइन आदि नशे का कारोबार न कर सके. आग लगने से शराब, गांजा, हेरोइन समेत कपड़े व चादर आदि जल गए.

# कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत ठाकुरगंज का जवाब असंतोषजनक, भौतिक उपस्थिति का आदेश

## बस पड़ाव ठाकुरगंज में निर्मित दुकान का मामला जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता , ठाकुरगंज (किशनगंज)**

बस पड़ाव, ठाकुरगंज के परिसर में अतिक्रमणकारियों को बढ़ावा व नवनिर्मित दुकान के आवंटन और निर्माण में नगर पंचायत ठाकुरगंज के मनमानी से क्रुद्ध होकर दायर परिवाद की सुनवाई जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, किशनगंज के समक्ष हो रही है।

सुनवाई के क्रम में लोक प्राधिकार – सह - कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत ठाकुरगंज द्वारा प्रेषित प्रतिबेदन को अपूर्ण व भ्रामक बताते हुए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, किशनगंज ने साक्ष्य सहित सुस्पष्ट प्रतिवेदन लेकर लोक प्राधिकार को अगली तिथि 13 अक्टूबर 2023 के निर्धारित समय पर स्वयं उपस्थित रहने का आदेश जारी किया है।

क्या है परिवाद :- वार्ड संख्या 12 के नगरवासी सुभाष यादव ने अपने परिवाद में अंकित किया है कि बस पड़ाव में नवनिर्मित दुकानों के आवंटन और निर्माण में घोर अनियमितता बरती गयी है। दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन प्राप्ति सम्बंधित विज्ञप्ति अखबारों में प्रकाशित नहीं करवाकर सुनियोजित तरीके से पूर्व के अतिक्रमणकारियों को लाभ पहुंचाया गया जिससे सरकारी भूमि के अतिक्रमण को बढ़ावा मिला है। दुकान निर्माण हेतु आवंटन धारकों से नगर पंचायत के सरकारी बैंक खाता में राशि जमा करवाने के बजाय बंधन बैंक में खोले गये खाता में जमा करवाया गया। इस खाते से एक वार्ड पार्षद के पति के बैंक खाते में राशि का



हस्तांतरण नगर पंचायत द्वारा किया गया है। लाभुकों से नजायज तौर पर बड़ी संख्या में राशि की उगाही की गयी है। इस अवैध तरीके को ढंकने की मंशा से सभी लाभुकों से नॉटरी से शपथ पत्र जमा करवाया कि किसी प्रकार के अवैध राशि का लेनदेन नहीं किया गया है।कुल 24 दुकानों के निर्माण के क्रम में अलग-अलग संचिका का संधारण नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी साजिद अंसारी नामक एक क्षुब्ध नागरिक द्वारा दायर इसी प्रकार के परिवाद पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, किशनगंज ने परिवादी के परिवाद को गम्भीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी,किशनगंज से उच्च स्तरीय जांच करवाने हेतु विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय शाखा, किशनगंज को आदेश निर्गत किया था। उक्त आदेश का परिणाम अबतक अधर में है। इसके अलावे जिला भू अर्जन पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा इस मामलें में जांच की जा रही है जिसके लिए आवश्यक प्रतिवेदन की मांग नगर पंचायत ठाकुरगंज से की गयी है। क्या कहते हैं परिवादी :- परिवादी सुभाष यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी पर पूर्ण भरोसा है कि उनके द्वारा बहुत जल्द इस मामलें में न्याय किया जाएगा तथा इस भ्रष्टाचार में शामिल लोगों के विरुद्ध नियमानुकूल कार्रवाई करने हेतु सम्बंधित विभाग को अनुशंसित किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ साजिद अंसारी ने बताया कि उन्होंने सूचना अधिकार अधिनियम के मार्फत अपने परिवाद मामलें में पारित निर्णय के अनुपालन करने की वास्तविक स्थिति जानने हेतु सम्बंधित कार्यालय में आवेदन जमा किया है।

# डेंगू मरीजों का रखें विशेष ख्याल व वार्डों की साफ-सफाई पर दें ध्यान : अपर निदेशक

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

बारिश के मौसम में डेंगू का भी खतरा बढ़ने लगता है। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने जिले के सदर अस्पताल स्थित डेंगू वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल में ड़ेंगू वार्ड, महिला प्रसव वार्ड, जेनरल वार्ड, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड का स्टोर रूम, अस्पताल की साफ-सफाई व रंग-रोगन सहित दवा भंडार कक्ष का जायजा लिया। इस दौरान अपर निदेशक ने जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय में सिविल सर्जन और जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मी के साथ डेंगू रोग की रोकथाम एवं बचाव से सम्बंधित समीक्षा बैठक भी की । उक्त निरीक्षण कार्यक्रम के दौराने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को इलाज हेतु उचित परामर्श व निर्देश दिया। साथ ही डेंगू से पीड़ित मरीजों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर सिविल सर्जन ने उपस्थित पदाधिकारियों को अस्पताल के साथ अन्य स्थलों की साफ.सफाई के साथ ही कर्मियों को ससमय उपस्थित रहने के आदेश दिए।निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर , भीबीडीसीओ डॉ मंजर आलम , डीपीएम डॉ मुनाजिम, भीबीडीसी सलाहकार अभिनाश रॉय , स्वास्थ्य प्रबंधक जुल्ले अशरफ एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए।

**डेंगू जैसी बीमारी से घबराने की नहीं बल्कि बचाव और सुरक्षित रहने की जरूरतः अपर निदेशक**

अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि डेंगू एक गंभीर बीमारी है। जो एडीज एजिप्टी नामक प्रजाति के मच्छरों से फैलता है। इसके कारण प्रत्येक वर्ष बहुत लोगों की मृत्यु हो जाती है। जब कोई मच्छर डेंगू बुखार से ग्रस्त किसी रोगी को काटतो और फिर वही मच्छर जब किसी स्वस्थ व्यक्ति को काट लेता, तो उसका वायरस स्वस्थ व्यक्ति के खून में पहुंच जाता है। जिस कारण स्वस्थ व्यक्ति को भी डेंगू बुखार हो जाता है। मच्छर के एक बार काटने से भी डेंगू होने की संभावना प्रबल रहती है। इन सभी बीमारियों से बचाव और सुरक्षित रहने के लिए विशेष रूप से सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। डेंगू से घबराने की जरूरत नहीं बल्कि इससे बचने की जरूरत है। डेंगू के लक्षण की जानकारी अधिकांश लोगों को नहीं रहती है। जिस कारण समय रहते उसका उपचार नहीं हो पाता है। नजदीकी स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सकों से चिकित्सीय परामर्श लेकर इससे बचाव किया जा सकता है।

**सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करना स्वास्थ्य या संक्रमित बीमारियों के लिए बेहतरः डॉ मंजर आलम**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ मंजर आलमे ने बताया कि जिले में अब तक डेंगू के कुल 13 मरीज मिले हैं। जिसमें 12 ठीक हो गये हैं। वहीं एक मरीज का घर पर ही उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि डेंगू से बचने के लिए दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करना स्वास्थ्य या संक्रमित बीमारियों के लिए बेहतर साबित होता है। मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में करना स्वास्थ्य के लिए कारगर उपाय होता है। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनना चाहिए। घर के सभी कमरों की ठीक से सफाई, टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रीज में पानी जमा नहीं होने देना, पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं होना, घर के आसपास साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए और कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करने से डेंगू जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। पहले डेंगू हो चुके व्यक्तियों को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरतः सिविल सर्जन सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोरे ने बताया कि बरसात के दिनों में डेंगू एवं चिकनगुनिया के मरीज की संख्या बढ़ जाती है। डेंगू या अन्य बीमारियों से संक्रमित करने वाले मच्छर दिन में ही काटते और स्थिर एवं साफ पानी में पनपते हैं। अगर किसी भी व्यक्ति के शरीर में तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं। इतना ही नहीं बल्कि आपके त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक- मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्तस्त्राव होना और काला पखाना होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल नजदीकी अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं। यदि किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हो चुका है तो उसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे व्यक्ति दोबारा डेंगू बुखार की आशंका होने पर सरकारी अस्पताल या फिर चिकित्सकों से संपर्क करें।

# विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

डीएम तुषार सिंगला के निदेशानुसार अपर समाहर्त्ता की अध्यक्षता में विशेष



सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य की समीक्षात्मक बैठक उनके कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। जिला अंतर्गत कुल 4 अंचलों के 407 राजस्व ग्राम में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित सभी विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी - सह- शिविर प्रभारी के साथ समीक्षा की गई, जिसमें विशेष सर्वेक्षण से संबंधित क्रमवार कार्यों की प्रगति के समीक्षा करते हुए कार्य में तीव्रता लाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि शिविर प्रभारी के स्तर पर कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) को फटकार लगाते हुए सभी शिविर प्रभारी के कार्यों पर प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया गया ताकि संबंधित से कारण पृच्छा किया जा सके। निदेश दिया गया कि विशेष सर्वे को गंभीरतापूर्वक त्रुटिरहित कार्य निष्पादित करें। बैठक में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), सभी संबंधित विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, शिविर प्रभारी/कानूनगो एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# महिला थाना परिसर में पारिवारिक विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन, तीन मामले का हुआ निष्पादन

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

किशनगंज मुख्यालय स्थित महिला थाना परिसर में पारिवारिक विवाद को



लेकर जनता दरबार का आयोजन महिला थाना अध्यक्ष विनीता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें पारिवारिक विवाद से संबंधित कुल सात मामले पहुंचे। वही इस दौरान महिला थाना अध्यक्ष विनीता कुमारी के द्वारा आए हुए फरियादियों का फरियाद सुनते हुए तीन मामले का निष्पादन मौके पर कर दिया गया। बाकी बचे मामले को अगले शनिवार महिला थाना में लगे जनता दरबार में आने के लिए कहा गया।

# राजकीय नलकूपों के सफलतापूर्वक संचालन के उद्देश्य से सभी मुखियागण, पंचायत सचिव एवं अन्य संबंधित सरकारी सेवकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण -सह- बैठक संपन्न

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

उप विकास आयुक्त, स्पर्श गुप्ता (भा. प्र. से.) की अध्यक्षता में जिलांतर्गत राजकीय नलकूपों के सफलतापूर्वक संचालन के उद्देश्य से सभी ग्राम पंचायत के मुखियागण/पंचायत सचिव एवं अन्य संबंधित सरकारी सेवकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण -सह- बैठक जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई।

प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन डीडीसी , डीपीआरओ और उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से राजकीय नलकूप के बारे में बताया गया एवम लघु जल संसाधन विभाग द्वारा नलकूप मरम्मती प्रक्रिया की जानकारी दी गई। सभी नलकूप का रख रखाव पंचायत स्तर से किया जाना है।मरम्मती हेतु व्यय का वहन विभाग करेगा। एतद कार्य



के लिए ऑपरेटर का मानदेय तय करके उसकी नियुक्ति करने के बारे में बताया गया। नलकूपो से पटवन शुल्क लगाने का अधिकार पंचायत को होगा। साथ ही पंचायत के द्वारा ही के अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर डीडीसी की अध्यक्षता में समन्वय समिति गठित किया गया है।

बैठक में डीडीसी स्पर्श गुप्ता द्वारा लघु सिंचाई के अभियंता/टीम को निदेश दिया गया कि सातों प्रखंड में जाकर मुखिया और बीपीआरओ के साथ बैठक करते हुए नलकूपों के सफल संचालन का सर्वे कर लें और आवश्यकतानुसार नलकूपों को ठीक कराने का निदेश दिया गया।

विभागीय संकल्प के आलोक में सभी मुखिया जी को ग्रामसभा करते हुए ग्रामसभा द्वारा नलकूपों के संचालन बिजली का भुगतान किया जाएगा। बैठक में बिंदुवार प्रक्रिया बताते हुए व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र देने की जानकारी और कोई नलकूप खराब हो , यदि 15 लाख से ज्यादा हो, तो टेंडर के द्वारा तथा 15 लाख से कम हो तो विभाग के द्वारा ठीक करवाने की प्रक्रिया बताया गया। प्रथम फेज में 125 पंचायत में 500 ट्रांसफार्मर लग गया है , शेष आवेदन अगले फेज में होगा। बैठक में नए सर्वे कराकर प्रतिवेदन के साथ अगली बैठक में उपस्थित होने का निदेश दिया गया।

# 72 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के द्वारा सीमावर्ती गाँव में सिविक एक्शन और मेडिकल कैम्प का किया गया आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल किशनगंज के अंतर्गत आने वाली 72 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा दिनांक 07 अक्टूबर 2023 को सीमावर्ती गाँव खुरका में सिविक एक्शन और मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि ईश औल उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय सीसुबल किशनगंज द्वारा चाही समादेष्टा शैलेश कुमार सिन्हा, वाहिनी के अन्य अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों, जवानो तथा वाहिनी के बाया सदस्यों तथा गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। इस आयोजन में ग्रामीणों और स्कूलों के लिए जरूरी सामान का वितरण के साथ-साथ मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। इस दौरान डां.शहीना एम.सी. सहायक कमांडेट (मेडिकल आफिसर) क्षेत्रिय मुख्यालय सीसुबल किशनगंज, डां. संगीता सिंह, सहायक कमांडेट (मेडिकल ऑफिसर) 17वीं वाहिनी सीसुबल एवं डां. जगदीप सिंह, एम.डी. फिजीशियन, डां. अमृत कौर मेडिकल आफिसर, माता गुजरी मेडिकल अस्पताल किशनगंज, डांस. अब्दुल रहीम, मेडिकल ऑफिसर, करणदीपी कंपनी कमांडर खुरका के प्रयास से डां. सुमित कामती के सौजन्य से ग्रमिणों के सुविधा हेतु अपने सहयोगीयों के साथ आई चेकअप का भी आयोजन किया गया। जिसमें सीमावर्ती गाँव खुरका एवं अन्य निकटवर्ती सीमावर्ती गाँवो के लगभग 241 पुरुष, 224 महिला एवं 68 बच्चो कुल 533 लोगों का



बुनियादी हेल्थ चैकअप किया गया तथा निशुल्क दवाईयाँ प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्कूल के बच्चों और ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया तथा उन्हें नशीली चीजों के सेवन से बचने की सलाह दी गई एवं गाँववासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाहिनी द्वारा चुने गए सीमावर्ती वाइब्रेट विलेज ग्राम छोटा फुलवाड़ी के ग्रामीणों एवंम् स्कूली बच्चो के लिए सोलर लाईट 10. फुटवाल 02. बॉलीवाल, 02 एवं अन्य सीमावर्ती विलेज ग्राम सुरका के ग्रामीणों के लिए एक ई.सी.जी. मशीन, एक पी. ए. मिक्सर और भाईब्रेट विलेज भरदोई के ग्रामीणों एवंम् बच्चो के लिए सोलर लाईट 10 फुटवाल 02 वॉलीवाल 02. कम्प्यूटर 01. प्रिन्टर 01, कम्प्यूटर टेबल और कुर्सी 01. प्लास्टिक टेबल 02 प्लास्टिक कुर्सी 02 वाईट बोर्ड 02 और बैच डेस्क 12 का वितरण किया गया। साथ ही उप महानिरीक्षक ने ग्रामीणों के उन बच्चों को भी बधाई और उत्साहवर्धन किया जिन्होनें 72 वीं वाहिनी द्वारा सिवीक प्रोग्राम के अंर्तगत चलाये जा रहे 26 बच्चों (15 लडके एवं 11 लड़कियों) ने बेसिक कम्पुटर कोर्स को सफलता पूर्वक पूरा किया और आज अपना सर्टिफिकेट प्राप्त किया।

इस गतिविधि के अन्त में ईश औल उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय सीसुबल किशनगंज द्वारा उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों को अपने बच्चो को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके तथा वो अपराधिक गतिविधियों की ओर अग्रसर ना हो पाएं ग्रमिणों ने 72 वीं वाहिनी द्वारा कराये गये सिविक एक्शन और मेडिकल कैम्प का जमकर सराहना की। ग्रामीणों को यह भी आश्वासन दिया कि वे सीसुबल को सीमा पर होने वाले अपराधों को रोकने, अपराधी या तस्कर को उस क्षेत्र में देखा जाता है तो उन्हें पकड़वाने में 72 वीं वाहिनी की मदद के लिए हमेशा आगे आयेगें।

# कर्तव्य पालन : विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । शनिवार को बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ ठाकुरगंज इकाई का एक शिष्टमंडल प्रखंड विकास पदाधिकारी ठाकुरगंज, प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी ठाकुरगंज तथा प्रखंड लेखापाल से मुलाकात




कर विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु ध्यान आकृष्ट करवाया । इस दौरान एक ज्ञापन भी सौंपा गया ।

प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल करीम ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से जाति गणना 2022 का बकाया मानदेय भुगतान, अवकाश के दिनों में जाति गणना के दौरान किये गए कार्य दिनों की छतिपूर्ति अवकाश, विभिन्न नियोजन इकाइयों का बैंक खाता का ङउ की प्रक्रिया पूर्ण करने एवं शिक्षकों का माह सितम्बर का निगेटिव स्थापना कार्यालय किशनगंज को उपलब्ध करवाने जैसी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करवाया गया । उन्होंने बताया कि समस्याओं पर ध्यान देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि अभी तक प्रखंड मुख्यालय को जनगणना कार्य हेतु देय मानदेय की राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। राशि उपलब्ध होते ही मानदेय भुगतना कर दिया जाएगा ।छतिपूर्ति आकाश के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय ने कहा कि तत्कालीन जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा छतिपूर्ति अवकाश को निरस्त किया गया था। बेहतर होगा कि आप लोग वर्तमान जिला पदाधिकारी महोदय से इस विषय पर बात कर समस्या समाधान करवायें । वहीं नियोजन इकाई का बैंक खाता का के वाई सी कराने के संबंध में बी पी आर ओ साहब से बात हुई है जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगी ।

साथ ही सितम्बर माह का निगेटिव आवश्यक कारवाई के बाद सोमवार को स्थापना कार्यालय में जमा कर दिया जाएगा।

इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल करीम, प्रखंड सचिव उज्जवल कुमार सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष मोहम्मद मोईनुल हक, मोहम्मद मुरसलीन, अलबेला पासवान, मोहम्मद अफजल हुसैन, जमालुद्दीन, नीलेश यादव आदि कई शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# देव में द्वितीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की तैयारी पूरी। 3 (नवम्बर) को होगा परीक्षा।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 7 सितंबर 2023:-**

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के देव में शनिवार के दिन उधमचंद्र स्मृति पुस्तकालय देव के तत्वाधान में एक बैठक की गई बैठक देव मंदिर से सटे धर्मशाला में किया गया जिसका अध्यक्षता विश्वजीत कुमार राय ने किया बैठक में यह निर्णय लिया गया कि द्वितीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की तैयारी कर लिया गया है। जिसमें परीक्षा का आयोजन 3 दिसंबर 2023 एवं पुरस्कार वितरण 17 दिसंबर 2023 तक कर दिया जाएगा जिसमें फॉर्म भरने का तिथि 1 नवंबर 2023 से 25 नवंबर 2023 तक चलेगा जो निशुल्क रहेगा कार्यक्रम के प्रायोजक श्री लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता ने सभी देव प्रखंड के छात्र-छात्राओं से यह अपील किया है कि पूरी तैयारी के साथ हमारे प्रतियोगिता में भाग लेकर सफल पुरस्कार पाएं। इस बैठक में सुधीर सिंह, दिलीप राज, अरविंद कुमार, संजय सिंह, मिथिलेश कुमार, प्रमोद कुमार, रमेश कुमार, पुरुषोत्तम पाठक, राजेंद्र कुमार, मनोज कुमार उदय कुमार, राजेश कुमार, राजकुमार, मोहम्मद शाहजंहिला गुलशन कुमार, सुशील प्रसाद , उपस्थित थे।

# जिले में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरूआत सोमवार से, तैयारी पूरी

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 दिसंबर 2014 को मिशन इंद्रधनुष की शुरूआत की थी। आईएमआई 5.0 के तीन राउंड की योजना बनाई गई है। वहीं सितम्बर में शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के साथ पहला अभियान सफल रहा है । मिशन इंद्रधनुष एक बूस्टर टीकाकरण कार्यक्रम है जो टीकाकरण का कवरेज अधिक करने के लिए चिह्नित जिलों में चलाया जाता है। जिले में मिशन इंद्रधनुष के दूसरे चरण के कार्यक्रम के तहत आगामी 09 से 14 अक्टूबर तक नियमित टीकाकरण को गति देने एवं वंचित बच्चों को सात प्रकार के वायरस से बचाव के वैक्सीन की बूस्टर डोज देने के उद्देश्य से संचालित इस अभियान की सफलता को लेकर विभागीय स्तर से जरूरी तैयारियां की जा चुकी हैं। तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला प्रतिरक्षण कार्यालय में शनिवार को जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ देवेन्द्र कुमार ने बताया कि मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम की सफलता को सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर के दिशा निर्देश के आलोक में सभी स्वास्थ्य अधिकारी व सहयोगी संस्था के प्रतिनिधियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि सत्रवार सर्वे के आधार पर लाभार्थियों की ड्यू लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है। प्रखंडवार अभियान की शुरूआत संबंधित बीडीओ, सीडीपीओ व अन्य प्रखंडस्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी की जानी है। अभियान के सफल संचालन को लेकर क्षेत्र में सघन जागरूकता अभियान संचालित करने को कहा गया है। हर स्तर पर अभियान की निगरानी व अनुश्रवण के लिये कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सेशनवार सभी जरूरी लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने व टीकाकरण सत्रों की साज-सज्जा को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये गये हैं।

**मिशन इंद्रधनुष 7 बीमारियों से बचाने में सहायकः**

मिशन इंद्रधनुष से बच्चों में होने वाली 7 प्रमुख बीमारियों तपेदिक, पोलियोमाइलाइटिस, हेपेटाइटिस बी, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस और खसरा का खतरा कम होगा। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि टीकों की संख्या 12 होती है। इसमें खसरा रूबेला, रोटावायरस, हिमोफिलस इन्फ्लूएंजा टाइप-बी और पोलियो के खिलाफ टीकों को शामिल करने के बाद इन टीकों की संख्या 12 हो गई है।

**कुल 845 स्थानों पर टीकाकरण सत्र होंगे संचालित :**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ने बताया कि मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम की सफलता को ले केंद्र सरकार के स्तर से जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये हैं। अभियान के क्रम में सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना है। जिले के सातों प्रखंड में कुले 845 चिह्नित स्थलों पर मिशन इन्द्रधनुष के तहत कुल 8,333 बच्चों एवं 1265 गर्भवती माता के



टीकाकरण का लक्ष्य है। सत्र के निर्धारण में कम आच्छादन वाले टीकाकरण सत्र व ऐसे जगहों को चिह्नित किया गयो जहां बीते छह माह के दौरान कम से कम दो बार नियमित टीकाकरण सत्र संचालित नहीं हो सके हैं। मिशन इंद्रधनुष के सफल क्रियान्वयन के लिए घर घर सर्वे कर ड्यू लिस्ट एवं सर्वे रजिस्टर का पुनरीक्षण किया जा चका है ,ईंट भट्ठा, दूर-दराज के ग्रामीण इलाके, मलिन बस्तियां सहित अन्य स्थानों पर सत्र संचालन को प्राथमिकता दी गयी है।

**नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देना अभियान का उद्देश्य :**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकरी डॉ. कुमारे ने बताया कि मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मिशन इन्द्रधनुष 5.0 के तहत जिलाभर में अभियान का दूसरा चक्र आगामी 09 से 14 अक्टूबर के बीचे व तीसरा व अंतिम चक्र 27 नवम्बर से 02 दिसंबर के बीच होगा। गौरतलब है कि नियमित टीकाकरण के मामले में फिलहाल जिले की उपलब्धि 87 फीसदी के करीब है। 02 वर्ष उम्र तक के बच्चे व गर्भवती महिलाओं को मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत 100 फीसद तक ले जाने का प्रयास किया जायेगा।

**कई जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा के लिहाज से टीकाकरण जरूरी :**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकरी डॉ. कुमारे ने बताया कि गर्भवती महिलाएं व दो वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न प्रकार की जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिये नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी है। मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत जिला के सभी 7 प्रखंडों के चयनित स्थलों पर गर्भवती महिलाएं व बच्चों के टीकाकरण का इंतजाम सुनिश्चित कराया जायेगा। यहां दो वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी मिजल्स, विटामीन-ए, डीपीटी बूस्टर डोज व बूस्टर ओपीवी के टीके लगाये जायेंगे। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को अभियान के क्रम में टेटनेस-डिप्थेरिया के टीके लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत टीकाकरण से वंचित दो वर्ष तक के सभी बच्चों व सभी गर्भवती महिलाओं तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित कराना मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

# नबीनगर पेंशनर समाज ने एसबीआई के शाखा प्रबंधक को किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर ( बिहार) 7 अक्टूबर 2023 आज नगर पंचायत नबीनगर स्थित प्रसिद्ध सोखा बाबा मंदिर परिसर मे नबीनगर पेंशनर समाज की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह एवम संचालन सुखदेव प्रसाद सिंह ने किया।आज की बैठक मे पेंशनर समाज द्वारा बतौर विशिष्ट अतिथि भारतीय स्टेट बैंक नबीनगर के शाखा प्रबंधक निशांत कुमार एवम सहायक शाखा प्रबंधक (ऋण) मोहनीश कुमार सिन्हा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक मे अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने शाखा प्रबंधक से अनुरोध किया कि कुछ पेंशनर शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो गए है ऐसे मे जीवन प्रमाण पत्र पर बैंक उनके साथ लचीला रुख अपनाते हुए सहयोग करें।इस अवसर पर एसबीआई के शाखा प्रबंधक ने पेंशनरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पेंशनरों को बैंक द्वारा हर संभव सहायता और सहयोग दिया जायेगा। इस पर उपस्थित सभी पेंशनरों ने हर्ष व्यक्त किया।मौके पर पेंशनर समाज के मीडिया प्रभारी हाजी मास्टर मुस्ताक ने शाखा प्रबंधक एवम सहायक प्रबंधक को धन्यवाद देते हुए कहा कि अबतक पेंशनरों के साथ बैंक का व्यवहार सहयोगात्मक रहा है। बैठक मे कोषाध्यक्ष विशुन प्रसाद , नागेश्वर दुबे, गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह ,हरिद्वार सिंह,रामप्रवेश सिंह, अवधेश प्रसाद सिंह, अर्जुन भगत,दुर्गा प्रसाद सोनी, जगनारायण सिंह , मुखदेव तिवारी सहित अन्य मौजूद थे ।

# अररिया में भी पांव पसार रहा है पनोरमा ग्रुप आशियाना का सपना संजीव मिश्रा करेंगे साकार

अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा

रियल स्टेट सेक्टर में बिहार के टॉपर पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा की नजर जहां कोसी सीमांचल के साथ साथ मिथिलांचल को टारगेट में रखा है वहीं अपने अवतरण स्थली छातापुर से पूर्णियां आने जानें के क्रम में अररिया को पहली प्राथमिकता देते हुए यहां भी पूर्णियां की तरह लोगों को बेहतरीन महानगर का लुक देने के लिए शीघ्र हीं भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न किया जाएगा। इस ग्रुप ने सात साल पहले बिहार के पूर्णिया से शुरूआत की थी। सीमांचल समेत पूरे बिहार के लोगों ने बहुत ही कम समय में पनोरमा ग्रुप को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दिया। मिनी दार्जिलिंग के रूप में सदियों से अपनी पहचान स्थापित करने वाला अररिया की आवोहवा तेजी से बदल रही है. यह शहर मेट्रो सिटी की कतार में खड़ा है तो तमाम बदलाव के बावजूद मिनी दार्जिलिंग की पहचान को भी बरकरार रखा है. बढ़ती सुविधा के बीच पनोरमा ग्रुप हर उस शख्स का आशियाना का सपना साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है जो अपने सीमित आय की वजह से बढ़ती जमीन की कीमतों के बीच अपने आशियाना का ख्वाब साकार नहीं कर पा रहा है. जाहिर है कि ज़िला मुख्यालय अररिया में अपार्टमेंट संस्कृति फल-फूल रही है और जमीन की कीमतों ने इसे वक्त की जरूरत भी बना दिया है. लिहाजा मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट की ओर आम लोगों का झुकाव बढ़ा है और इस दिशा में पनोरमा ग्रुप लोगों की उम्मीद पर खड़ा उतर पा रहा है.

खास बात यह है कि एक दशक पहले तक लोगों में अपना जमीन और अपना मकान की मानसिकता थी, जो अब तेजी से बदल रहा है. दरअसल इसकी वजह यह थी कि अपार्टमेंट संस्कृति को मुकाम दिलाने



के लिए संजीदा स्तर पर अब तक कोई प्रयास नहीं हुआ था. लेकिन पनोरमा ग्रुप ने विश्वसनीयता के साथ अपार्टमेंट संस्कृति को बढ़ावा दिया तो कारवां बढ़ता चला गया. ऐसे में जब भी पूर्णिया में अपार्टमेंट संस्कृति की नीव रखने की बात होगी और इतिहास खंगाला जायेगा तो सीमांचल इन्फ्राटेक प्रा लि का जिक्र जरूर आयेगा, पूर्णियां जिले का पहला अपार्टमेंट संस्कृति को मुकाम दिलाने का श्रेय उन्हें ही जाता है. पनोरमा ग्रुप प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने पत्रकारों से रू ब रू होते हुए कहा कि पनोरमा ग्रुप रियल स्टेट सेक्टर के अलावा शिक्षा-स्वास्थ्य एवम ऑटोमोबाईल्स के क्षेत्र में भी अररिया में शीघ्र अपना कार्य प्रांरम्भ करेगी। बिहार का पहला अल्ट्रा लग्जरी प्रोजेक्ट है पूर्णियां का ई होम्स पनोरमा पनोरमा सिटी,पनोरमा हाईट,आर-आर प्लाजा,पनोरमा रामेश्वरम एक के बाद एक प्रोजेक्ट को पूर्णियां में लोगो ने अपने-अपने बजट के अनुसार खरीदकर पनोरमा परिवार के प्रति अपना विश्वास जताया. जिसके फलस्वरूप पनोरमा ग्रुप शिक्षा-स्वास्थ्य के साथ-साथ अब ऑटोमोबाईल्स के क्षेत्र में भी अपना कार्य प्रांरम्भ किया है। रियल स्टेट में बिहार का सबसे पहला अल्ट्रा लग्जरी प्रोजेक्ट ई होम्स है। पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने कहा कि यह सफलता ग्राहकों के विश्वास की वजह से संभव हो सका है। जाहिर है कि ऐसे इलाके में भी सीमित खर्च पर आशियाना का सपना साकार होना किसी सपने से कम नहीं है।

# जाति गणना समाज में बराबरी लाने के लिए एक जरूरी कदम : मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव

नरपतगंज ।

राष्ट्रीय जनता दल बिहार के प्रदेश सचिव मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बिहार सरकार द्वारा घोषित जातीय जनगणना का स्वागत किया है। उन्होंने कहा की बहुत सारे लोग जाति गणना को गैरजरूरी और पॉलिटिकल विवाद बढ़ाने वाला मानते हैं। मगर सच तो यह है कि यह काम समाज में बराबरी लाने के लिए एक जरूरी कदम है।

यह सच है कि समाज की कुछ जातियों ने सदियों से हासिल अधिकार की वजह से धरती के संसाधनों और दूसरी सुविधाओं पर अपनी जरूरत से अधिक कब्जा कर लिया है। जबकि इसी समाज में बड़ी आबादी ऐसी है जो जैसे तैसे जी रही है।

यह गणना उसी असमानता को सामने लाने वाली है। अभी तो सिर्फ आबादी के बारे में पता चला है। इसके असली नतीजे तो आर्थिक और सामाजिक आंकड़ों के सामने आने पर समझ आयेंगे। उसका विश्लेषण महत्वपूर्ण होगा।

मेरे लिए यह गणना मंडल बनाम कमंडल या सवर्ण बनाम ओबीसी नहीं है। मुझे लगता है यह गणना उन छोटी छोटी जातियों को जानने और उनकी स्थिति को समझने का बड़ा मौका है जो आधा प्रतिशत, एक प्रतिशत या उससे भी बहुत कम हैं। हो सकता है पता चले कि कई जातियां ऐसी हों, जिनमें आजतक किसी को सरकारी नौकरी नहीं मिली, उसका कोई प्रतिनिधि सरपंच या वार्ड मेंबर तक नहीं बना। जिनके 90 फीसदी लोगों के पास एक डिसमिल जमीन न हो। जिन्होंने स्मार्ट फोन छुआ तक न हो।

दरअसल सामाजिक न्याय का अगला चरण इन्हीं जातियों के लिए है। यादव, कुर्मी और कुशवाहा जैसी मझोली जातियों ने पिछले 90 साल से लड़कर थोड़ा बहुत अधिकार हासिल किया है, सबसे बड़ी बात यह है कि इन्होंने लड़ना सीख लिया है। ये अपना अधिकार अब छोड़ेंगे नहीं।

मगर अभी भी अति पिछड़ा और दलितों के बीच दर्जनों ऐसी जातियां हैं जिन तक सामाजिक न्याय की रोशनी भी नहीं पहुंची है। न आरक्षण, न नौकरी, न राजनीतिक प्रतिनिधित्व, न आर्थिक न्याय। क्योंकि उनका कोई आंकड़ा सरकार के पास उपलब्ध नहीं था. जाति गणना ऐसी तमाम जातियों की स्थिति को सामने लाएगी और हमारे हुक्मरानों को उनके बारे में सोचने पर विवश करेगी। उन जातियों के लोगों को भी सजग करेगी, जिन्हें आज तक अपनी सामाजिक और सामरिक स्थिति का बोध नहीं हो पाया।

स्वागत है, इन आंकड़ों का। मैं धन्यवाद देता हूँ माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं युवा जोश उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी को कि उन्होंने यह ऐतिहासिक काम किया है। बिहार की धरती हमेशा से क्रांति के जनक के रूप में जानी जाती है, चाहे विश्व के प्रथम प्रजातंत्र की बात हो, चम्पारण सत्याग्रह की बात हो, जेपी आंदोलन हो या फिर मण्डल कमीशन, आज माननीय नितीश जी एवं तेजश्वी जी ने उसमें एक अध्याय और जोड़ दिया है। यह जनगणना कोई जातीय वर्चस्वता का बोध नहीं कराती, सिर्फ सामाजिक समरसता के लिए एक पहल है । मैं नरेंद्र मोदी सरकार सरकार से मांग करता हूं कि आप भी बड़ा दिल दिखाइए और पुरे देश में जातीय जनगणना करा कर एक मिशाल कायम कीजिये।

# भरगामा पुलिस के हत्थे चढ़ा बंधन बैंक कर्मी लूट मामले में से 11500 रूपए 02 देशी कट्टा एवम 13 जिंदा कारतूस के साथ एक लुटेरा

## गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व का भी रहा है आपराधिक इतिहास

अररिया/प्रदीप कुमार झा।

जिले के भरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरैया के पास सुनसान जगह पर बंधन बैंक के कर्मी प्रकाश कुमार साह, उम्र करीब 26 वर्ष, सा० - लक्ष्मीपुर, थाना-कुसाकांटा, जिला - अररिया जो बैंक का पैसा - 30500/रुपए ग्रामीण क्षेत्र से कलेक्शन कर वापस बैंक अपनी मोटर साइकिल से आ रहे थे को 2 अपराधकर्मियों द्वारा पीछा कर रोककर हथियार के बल पर कलेक्शन की रकम - 30500 / रुपए को छीन कर भाग लिया गया था। जिसके पश्चात प्रकाश साह द्वारा भरगामा थाना में घटना के संबंध में भरगामा थाना कांड संख्या - 268 / 23, दिनांक-05/10/23, धारा-392 भा० द० वि० अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। भरगामा थाना पुलिस द्वारा दर्ज कांड के संबंध में आसुचना संकलन एवम तकनीकी आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक -06/10/23 की रात्रि में कांड में शामिल एक अभियुक्त - (1) मो० सहाबुद्दीन, उम्र करीब 35 वर्ष, पिता - नुरुद्दीन, सा०- छर्रापट्टी, थाना भरगामा, जिला- अररिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्त के अपराध स्वीकारोक्ति बयान एवम निशानदेही पर लूटी गई रकम की राशी में से 11500/ रूपए, घटना में प्रयुक्त 02 हथियार (देशी कट्टा ) एवम 13 जिंदा कारतूस को भी बरामद कर लिया गया है। अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी



हेतु कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है। उपर्युक्त संबंध में भरगामा थाना अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त मो० सहाबुद्दीन का आपराधिक इतिहास**

भरगामा थाना कांड संख्या - 247/17, दिनांक - 14/11/17, धारा-413/414/34 भा० द० वि० ।भरगामा थाना कांड संख्या - 248/17, दिनांक - 14/11/17, धारा-25 ( 1-) / ' / 26 आर्म्स एक्ट। 03- भरगामा थाना कांड संख्या - 50 /20, दिनांक-07/0420, धारा-188269/270/341/323/324 326307/34 भा० द० वि०एवम 27 आर्म्स एक्ट। भरगामा थाना कांड संख्या - 192/20, दिनांक - 19/12/20, धारा-379/411 / 34 भा० द० वि० एवम 27 आर्म्स एक्ट

भरगामा थाना कांड संख्या - 154/22, दिनांक - 16/07/22, धारा-356379/34 भा० द० वि० ।भरगामा थाना कांड संख्या - 163 / 23, दिनांक - 20/06/23, धारा 392 भा० द० वि० ।भरगामा थाना कांड संख्या-228 / 23, दिनांक - 17/08/23, धारा-356/379 भा० द० वि०। 08. - भरगामा थाना कांड संख्या-232/23, दिनांक 24/08/23,धारा-356/379 भा० द० वि० ।बनमनखी (पूर्णिया) थाना कांड संख्या - 148 / 23, दिनांक-08/04/23, धारा 394 भा० द० वि० एवम 27 आर्म्स एक्ट ।

# अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता को लेकर यूभीके कॉलेज कड़ामा में किया गया छात्र-छात्राओं का चयन

पुरैनी ।

अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता को लेकर यूभीके कॉलेज कड़ामा में चयन शिविर का आयोजन किया गया। लगभग दो दर्जन खिलाड़ियों को विभिन्न विधाओं में चयनित की गई।

मिली जानकारी के अनुसार भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के पार्वती साइंस कॉलेज में आगामी 9 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता होना तय हुआ है जिसको लेकर यूभीके कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा के नेतृत्व में पीटीआई नेहरू प्रसाद चौधरी के द्वारा शनिवार को विभिन्न विधाओं को लेकर चयन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लंबी कूद में नकुल कुमार व विश्वनाथ कुमार मिश्रा, ऊंची कूद में आयुष कुमार एवं ज्योतिष कुमार, 100 मीटर दौड़ में विश्वनाथ कुमार मिश्रा एवं नीतीश कुमार का चयन किया गया।

वहीं महिला प्रतिभागियों में 100 मीटर दौड़ में रीमा कुमारी प्रथम छोटी कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, 400 मीटर दौड़ में स्वीटी कुमारी ने प्रथम, सोनी कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसके अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के द्वारा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर अमरेंद्र झा एवं प्रोफेसर प्रेमनाथ आचार्य के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में अमृत कलश की स्थापना की गई। जिसमें एनएसएस की अलग-अलग की इकाइयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक एक मुट्ठी मिट्टी एवं एक एक मुट्ठी चावल जमा किया गया। कलश



स्थापना को लेकर महाविद्यालय की छात्रा तारा कुमारी एवं छोटी कुमारी के द्वारा गणेश जी की प्रतिमा रंगोली के रूप में भव्य तरीके से बनाई गई। इसके बाद बहुउद्देशीय भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ माधवेंद्र झा ने सभी खेल विधाओं में चयनित प्रतिभागियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 तारीख तक महाविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत घर की मिट्टी अथवा चावल को संग्रहित करना है इसके बाद सरकार द्वारा अधिकृत विभाग को सौंप देना है। कार्यक्रम के दौरान मौके पर निदेशक कम्युनिटी कॉलेज डॉक्टर ई.सिप्पू कुमार, उप प्रधानाचार्य डॉक्टर ललन कुमार झा, प्रोफेसर इंचार्ज शिवेंद्र आचार्य, प्रशाखा पदाधिकारी सामान्य रवींद्रनाथ आचार्य, अभिषेक आचार्य, अलका कुमारी, रीमा कुमारी, सोनी कुमारी, मौसम कुमारी, अनमोल कुमारी सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्कूल के खिलाड़ियों को काफी संख्या में देख काफी अच्छा लगा रहा है: प्रमोद पंसारी

पूर्णियां।

पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता खेली गई। टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व सचिव लाइंस क्लब व खेल प्रेमी श्री प्रमोद पंसारी के हाथों हुई। श्री प्रमोद पंसारी ने कहा कि पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक साथ बैडमिंटन ,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित हो पा रही है। यह अपने आप में गौरव का बात है। इसका सारा श्रेय श्री संजीव मिश्रा को जाता है। हमारे पूर्णिया के खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी बात है।

ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि आज बैडमिंटन , बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं टेबल



टेनिस प्रतियोगिता खेली गई।

**फाइनल मुकाबला**

विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल को 30-22 से हराकर बास्केटबॉल बालक वर्ग का चैंपियन बना।

मैच रेफरी मौ नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, खुशी कुमारी, सैदय जब्बार हुसैन, एजाज अहमद, विक्की कुमार, पुनित कुमार सिंह, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, स्वरुप कुमार दास, तोहिन ।

इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, प्रमोद पंसारी, मिथिलेश राय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, राजीव कुमार,बब्लू चौधरी रितेश कुमार झा, पवन कुमार, चन्दन कुमार, ललित कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

# बी एन एम यू के रजिस्ट्रार एवम उपकुलसचिव ने किया शिक्षाशास्त्र विभाग का निरीक्षण

मधेपुरा।

बीएनएमयू के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर एवं उपकुलसचिव



(स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने शनिवार को अपराह्न 12:30 से 01:15 तक शिक्षाशास्त्र विभाग का औचक निरीक्षण किया। इसमें सात शिक्षक-शिक्षिका बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस संदर्भ में कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के आदेशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर इंचार्ज (शिक्षाशास्त्र) को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में सभी संबंधित शिक्षकों से सात दिनों के अन्दर कारण-पृच्छा प्राप्त करते हुए नियमानुसार कृत कार्रवाई प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एम. एड. के पांच और बी. एड. के दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इनमें एम. एड. की डॉ. माधुरी कुमारी, डॉ. शैलेश यादव, डॉ. सरस्वती देवी, डॉ. आनंद तनुजा एवं डॉ. मो. इनाम और बी. एड. के डॉ. सर्जुन कुमार एवं डॉ. पल्लवी राज शामिल हैं। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति ने सभी शिक्षकों को नियमित रूप से वर्ग संचालित करने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि वे स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण करेंगे और विशेष रूप से वर्ग-संचालन की समीक्षा करेंगे।

# सशस्त्र सीमा बल 52वी वाहिनी द्वारा किया गया अधिकारियों व जवानों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन

**अररिया।**

52वी वाहिनीं, सशस्त्र सीमा बल, अररिया द्वारा श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट 52वी वाहिनी के निर्देशन तथा श्री उदय कुमार उप कमांडेंट, की अगुवाई में वाहिनी के खेल प्रांगण में अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया` जिसमे जवानों ने 9 - 2 से यह मैच अपने नाम किया ` कमांडेंट महोदय ने दोनों टीमों को बधाई देते हुए कहा की खेल हमारे जीवन का बहुत ही



महत्वपूर्ण हिस्सा है यह हमारे शारीरिक और मानसिक शक्ति को लम्बे समय तक संतुलित बनाए रखता है जिससे हम स्वयं को स्वस्थ्य रख सकते है` इसी क्रम में कमांडेंट महोदय ने बताया की हर जवान चाहे वो बॉर्डर पर तैनात हो या फिर वाहिनी मुख्यालय में सब को प्रत्येक दिन कम से कम 1 घंटा अवश्य खेलना चाहिए और साथ ही साथ जवानों को कमांडेंट 52वीं वाहिनी द्वारा मोटे अनाज को अपनी दैनिक भोजन में शामिल करने का भी निर्देश दिया गया! जिससे की सभी जवान आंतरिक रूप से स्वस्थ रह सके इस अवसर पर श्री जोशी सागर प्रदीप उप कमांडेंट, निरीक्षक मनोज कुमार दुबे, स० उ०नि० सुरेन्द्र कुमार सहित तमाम बलकर्मी मौजूद रहे ।

# नरपतगंज प्रखंड के फहतेपुर पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम अयोजित

## बाल विवाह एक अपराध है। कम उम्र में कभी भी बच्चियों की शादी नहीं करें: डीएम

नरपतगंज।

सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आम जनों को अवगत कराने तथा उनसे सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करने के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नरपतगंज प्रखंड के फहतेपुर पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान ने कहा कि जितनी भी सरकार की योजनाएं है उसकी जानकारी इस जन संवाद के माध्यम से दी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों का समय बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसे सफल कार्यों में जाया करें। उन्होंने कहा कि शारीरिक, मानसिक विकास के साथ आगे बढ़ना है। अभिभावक भी अपने बच्चों को आगे बढ़ाएं। उन्होंने बाल विवाह मुक्त तथा दहेज प्रथा की चर्चा करते हुए कहा कि बाल विवाह एक अपराध है। कम उम्र में कभी भी बच्चियों की शादी नहीं करें। बच्ची के जन्म को एक उत्सव के रूप में मनाएं। इससे जुड़ी हुई कई योजनाएं भी संचालित है। कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह से संवाद के क्रम में पीएचईडी, बिजली, राजस्व एवं अन्य विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम में उप



विकास आयुक्त श्री संजय कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं मनरेगा से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। अपर समाहर्ता श्री राजमोहन झा द्वारा भूमि विवाद का निपटारा, जमाबंदी सुधार, आधार सीडिंग का कार्य, भूमिहीनों को चिन्हित करने एवं अभियान बसेरा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। सिविल सर्जन द्वारा नरपतगंज में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर खोलने, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से लाभ कैसे प्राप्त करें, 12 जानलेवा बीमारी का टीकाकरण से संबंधित जानकारी, कैंसर पीड़ित मरीज के लिए तीन प्रकार की योजनाओं के संचालन जानकारी, अंधापन नियंत्रण समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख की चिकित्सा बीमा का लाभ उठाने तथा इसके निबंध की प्रक्रिया से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया गया। सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा मौलवी/फोकानिया की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर दी जा रही लाभ की जानकारी दी गई। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा विभाग से संचालित छह प्रकार के विभिन्न पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी से आम जनों को अवगत कराया गया। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री कुष्ठ कल्याण योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना तथा दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल प्राप्त करने प्रक्रिया से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि अब तक 288 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया चुका है। इसी प्रकार जन संवाद कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, श्रम अधीक्षक, आपदा प्रभारी डीपीएम आईसीडीएस, प्रबंधक डीआरसीसी सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित जनझसमूह को जिले में संचालित सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की जी जानकारी दी गई साथ ही लोगों से फीडबैक भी प्राप्त किये गये। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन सहित स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। कार्यक्रम में एडीएम पीजोआरओ, अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फारबिसगंज, जिला परिवहन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी जन संवाद, सिविल सर्जन, भूमि सुधार उप समाहर्ता फारबिसगंज, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी फारबिसगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी नरपतगंज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन की तैयारी और चाणक्य जनजागरण यात्रा की रूपरेखा रूट तैयार करने को लेकर मधूबनी में पहली बैठक आज

**मधुबनी।**

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा परशुराम सेवा संस्थान की एक बैठक 08/10/2023,रविवार दोपहर 1 बजे से डाक बंगला भवन,ग्राम-जितवारपुर,प्रखण्ड - रहिका,मधुबनी में होने जा रहा है

बैठक में ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन को लेकर चर्चा की जाएगी। मधुबनी के बैठक में प्रदेश के तरफ से प्रदेश सचिव गणेश मिश्रा, झंझारपुर युवा जिला अध्यक्ष सह क्षेत्रीय यूवा प्रभारी अमितेश झा, प्रदेश उपाध्यक्ष आंनद झा राजन जी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित होंगे। जिला प्रखंड के संघठन के नए पुराने लोगों से समीक्षा करेंगें।प्रदेश अध्यक्ष ई0 आशुतोष कुमार झा के मां की स्वास्थ्य बिगड़ जाने के कारण सम्मिलित नही होंगे, इ0 झा ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ललित कुमार झा सहित 4 लोगों को अधिकृत किया है। ई0 झा ने आह्वान किया है कि वर्तमान स्थिति परिस्थिति में सब कुछ भुलाकर हमें भावी पीढ़ी के अस्तित्व बचाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना है और इतिहास रचने वाली मानसिकता वाले सभी ब्राह्मणों को मिलकर मिलाकर कार्य करना चाहिए।

# ननिहाल आया 14 साल का मोहम्मद दिलशाद हुआ लापता, परिजन परेशान

**मधेपुरा।**

डीवीडी हरिद्वार उत्तराखंड-सेक्टर 1 बैरियर नंबर 1 निवासी अपने मामा की शादी में मधेपुरा आया था वो लापता हो गया है परिजन परेशान और मां रो रो कर बेहाल बनी हुईं है। बताया जाता है कि लापता लड़का पिछले एक महीने से जिसका नाम मोहम्मद दिलशाद उम्र 14 साल पता फारूक सेक्टर 1 बैरियर नंबर 1 डीवीडी हरिद्वार उत्तराखंड लापता होने की स्थान मधेपुरा बिहार जो अपने मां के साथ मामा के शादी में आए हुए थे लड़का थोड़ा मंद बुद्धि का है सही से बोल नहीं पता है लड़का की मां की नाम नुरसा खातून पिता का नाम मो० मजीर घर भिरखी वार्ड नंबर 26 मधेपुरा का जिस व्यक्ति



को यह लड़का मिले कृपा करके एड्रेस पर पहुंचने का दया करें मोबाइल नंबर 9258225475916281161 2 9837441994 8935829548 पता देने वाले व्यक्ति को जाएगा

इनाम भी दिए जाने की घोषणा परिजनों ने की है।

# शराब के साथ एक महिला अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**सिकटी।**

नशा के विरुद्ध की जा रही कारवाई की कड़ी में बरदाहा पुलिस ने एक महिला को शराब के साथ दबोच लिया।मध-निषेध अभियान के तहत बरदाहा थाना पुलिस एवम् ए एल टी ई टीम के द्वारा छापेमारी कर 27 लीटर शराब के साथ एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

## आश्रम में संस्कृत के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अयोध्या।

थाना रामजन्मभूमि अयोध्या अंतर्गत सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी की सीढियों पर स्थित एक आश्रम में संस्कृत के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सबसे पहले मृतक के बड़े भाई को हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


सांकेतिक तस्वीर

रातेंद्र कुमार मिश्रा निवासी भैंसरहा थाना रामपुर नैकीन जिला सीढ़ी मध्य प्रदेश उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष का छात्र था। वह दो साल से यहां अपने भाई शास्त्री प्रथम वर्ष के छात्र शिवेंद्र मिश्रा के साथ रहता था। शनिवार की भर में 5:00 बजे शिवेंद्र जब उठा और अपने भाई के कमरे में गया तो वह छत पर लगे हुक में गमछे के सहारे लटकता हुआ मिला। आश्रम के महंत विमलेश दास ने बताया कि रातेंद्र होनहार छात्र था, वह पढ़ाई के साथ संगीत की भी शिक्षा ग्रहण कर रहा था। उसे कसरत करने का भी शौक था। उसे किसी तरह की समस्या थी यह उसके जानकारी या उनके जानकारी में नहीं है। थाना रामजन्मभूमि प्रभारी मणि शंकर शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टि या मामला आत्महत्या का लग रहा है

## कामाख्या धाम चौकी इंचार्ज लापरवाही बरतने पर लाइन हाजिर

अयोध्या।

जनपद के पश्चिम छोर पर स्थित बाबा बाजार थाना के कामाख्या धाम चौकी इंचार्ज धीरेन्द्र आजाद को कार्यों में लापरवाही के आरोप में लाइन हाजिर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी राजकरण नैय्यर ने शिकायत मिलने पर उन्हें तलब किया था और उनकी कार्यशैली को नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया।




## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या ।

तारुन पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर राजेश तिवारी ने बताया कि मामले में वांछित आरोपी दुर्गेश वर्मा उर्फ नरायण वर्मा पुत्र जोखू वर्मा निवासी ग्राम गुन्धौर कोतवाली बीकापुर को थानाध्यक्ष अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तारुन थाना क्षेत्र के कनकपुर झगरौली तिराहे से गिरफ्तार किया गया आरोपी का चलन करके न्यायालय रवाना किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 376, 504, एवं 506 आईपीसी का अभियोग तारुन थाने में पंजीकृत हुआ है।



## पुलिस ने वांछित गोवंश तश्कर को किया गया गिरफ्तार

**जनपद सोनभद्र समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

थाना बभनी पुलिस द्वारा थाना बभनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-89/23 धारा 3/5/8 गोवध अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 में वांछित अभियुक्त बंशीधर यादव पुत्र रामअधार यादव निवासी दुलंगी थाना रामचन्दरपुर जनपद बलरामपुर छत्तीसगढ़ को बभनी पुलिस द्वारा बभनी मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया । उक्त अभियुक्त उपरोक्त मुकदमें में वांछित चल रहा था जिसके विरूद्ध न्यायालय से एनबीडब्लू भी जारी किया गया था ।



## विशेष संचारी रोग के बारे में किया गया जागरूक

**समाज जागरण (जौनपुर)**

सरपतहां, जौनपुर। श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर में विशेष संचारी रोग के बारे में प्रधानाचार्य डॉ अजेय प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को जागरूक




किया। साथ ही बताया कि विशेष संचारी या संक्रामक रोग वह है जो एक व्यक्ति या जानवर से दूसरे व्यक्ति में या सतह से एक व्यक्ति में फैलता है। इनमें सर्दी और फ्लू शामिल हैं। वायरस, बैक्टीरिया, कवक जैसे रोगजनक इन बीमारियों का कारण बनते हैं। संचारी रोग शारीरिक तरल पदार्थ, कीड़े के काटने, दूषित सतहों, पानी और खाद्य पदार्थों के संपर्क से या हवा के माध्यम से फैल सकते हैं। प्रधानाचार्य ने बच्चों से अपील किया कि आम जनमानस में और अपने आस–पड़ोस में संक्रमण से फैलने वाले रोगों के बारे में जागरूक करें और बचाव के बारे में बतायें। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य विनोद सिंह, संतोष सिंह, अजय सिंह, विनय त्रिपाठी, पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, संतोष कुमार, धर्मदेव शर्मा, मनीष कुमार, राकेश सिंह, नवीन सिंह, राम बख्श सिंह, शिवानी सिंह, प्रगति सिंह, मनोज सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बदलापुर में ई रिक्शा चालक को अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर जनपद के बदलापुर थाना क्षेत्र के मीरसादपुर पेट्रोल पंप के पास बीती रात्रि अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने ई रिक्शा चालक को गोली मार दी, प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि ई रिक्शा चालक बदलापुर से अपने घर जा रहा था जैसे ही वह मीरसादपुर के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे की पुलिया के पास घात लगाए बैठे अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर मौके से फरार हो गए। गोली रिक्शा चालक के जाँघ में लगी लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल अभिषेक भास्कर पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी मुरादपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया

## राम भक्तों का इंतजार खत्म, जनवरी से विदेशी श्रद्धालु भी कर सकेंगे राममंदिर के लिए दान

अयोध्या।रामनगरी अयोध्या का नाम सुनते ही लोगों के मन में भगवान राम के प्रति श्रद्धा के भाव उमड़ पड़ते हैं।रामनगरी अयोध्या में जैसे-जैसे रामलला का भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हो रहा है,वैसे-वैसे राम भक्त भी दिल खोलकर अपनी तिजोरी से रामलला के लिए दान कर रहे हैं।देश और दुनिया के हर राम भक्त चाहते हैं कि भव्य राममंदिर मंदिर निर्माण में कुछ ना कुछ दान दे।ऐसे में अब विदेश में रहने वाले राम भक्तों के लिए बड़ी खबर है।



जनवरी तक विदेशी रामभक्त दिल खोलकर रामलला के निमित्त दान कर सकेगें।जल्द ही दिल्ली में खोले गए खाते में लेनदेन की अनुमति मिलने वाली है।सरकारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद श्रीरामजन्म तीर्थ क्षेत्र का पंजीकरण हो गया है।पंजीकरण का प्रमाण पत्र मिलने के बाद विदेशों में रह रहे रामभक्त दान रामलला को दे सकेंगे।

बता दें कि दिल्ली के एसबीआई बैंक में खोले गए खाते के 3 वर्ष की अवधि फरवरी 2023 में होने के बाद प्रमाण पत्र की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।सरकारी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद 28 सितंबर को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था।नियमानुसार आवेदन के 90 दिनों के विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रमाण पत्र दिया जाता है,जिसके बाद विदेश से रामभक्त रामलला को दान कर सकेंगे।

श्री राम जन्मभूमि कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि राम जन्मभूमि में एसबीआई का खाता खुले कई महीने हो गए हैं,लेकिन भारत सरकार को कुछ कानूनी प्रक्रिया के लिए फॉर्म अप्लाई किया गया था,जिसकी स्वीकृत मिलने वाली है। जनवरी माह से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि विदेश में बैठे रामभक्त अयोध्या में बन रहे अपने आराध्य के भव्य मंदिर निर्माण में दिल खोलकर दान दे सकेंगे।

## जिला अस्पताल के सामने निजी एंबुलेंसों का लगता है डेरा

अयोध्या।

जिला अस्पताल के सामने से निजी एंबुलेंसों को जिला अस्पताल प्रशासन नही हटवा सका और अप्रैल माह में जारी किया गया डिप्टी सीएम का फरमान बौना साबित हुआ। अभी भी यह एंबुलेंस डेरा जमाए हैं और मरीजों का शोषण कर रहे हैं।

जिला अस्पताल के सामने काफी अरसे से विभिन्न अस्पतालों की निजी एंबुलेंस जमा रहती हैं। इनके लोग भी वार्डों में फैले रहते हैं और मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कराने व शवों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए तीमारदारों से मोटी रकम वसूलते हैं। साथ ही निजी अस्पतालों में ले जाकर वहां भी कमीशनखोरी करते हैं।

ऐसे मामले प्रायः सामने आने के बाद अप्रैल माह में ही उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सभी सरकारी अस्पतालों के बाहर से खड़ी निजी एंबुलेंस को हटवाने के निर्देश दिए थे। इसके लिए उन्होंने अस्पताल प्रशासन, नगर निगम के साथ जिला प्रशासन को भी जिम्मेदारी दी थी। लेकिन यह फरमान महज कागजी बनकर सीमित रहा और बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल के बाहर निजी एंबुलेंस शोभा बढ़ा रही हैं। कभी-कभी तो यह एंबुलेंस परिसर के भीतर भी खड़ी देखी जाती हैं और उनके चालक इमरजेंसी ओपीडी के इर्द-गिर्द व साइकिल स्टैंड प्रायः जमा रहते हैं।


demo

जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ बृज कुमार ने बताया कि स्थानीय पुलिस की मदद से एक बार इन्हें हटवाया गया था, पुनः यह लोग लाकर खड़ी कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन को पत्राचार किया गया है।

## तलाकशुदा पत्नी को पती ने कुल्हाड़ी से काटकर उतारा मौत के घाट, बेटे को भी किया घायल

संतकबीर नगर।उत्तर प्रदेश के संतकबीर नगर जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के बढ़या गांव में देर रात्रि एक पति ने अपनी तलाकशुदा पत्नी को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया।इस दौरान उसने बेटे को भी हमला कर घायल कर दिया।पति ने अपनी पत्नी को कुछ समय पहले तलाक दे दिया था। इसी को लेकर गांव में पंचायत होने वाली थी।घटना को लेकर पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

**यह है मामला**

बढ़या गांव में तलाकशुदा महिला 55 वर्षीय ताहरा खातून पर पति सई मोहम्मद ने शुक्रवार की देर रात्रि लगभग 12 बजे कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।हमले में ताहरा गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोग सिद्धार्थनगर के एक निजी अस्पताल में ले गए,लेकिन ताहरा की मौत हो गई।



**मेडिकल कॉलेज में चल रहा बेटे का इलाज**

घटना में आरोपित सई मोहम्मद ने अपने छोटे बेटे 20 वर्षीय इसरार पर भी कुल्हाड़ी से हमला किया।हमले में इसरार गंभीर रूप से घायल है। इसरार को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है,जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। आरोपित सई मोहम्मद फरार है।

## मिल्कीपुर विधायक और तहसीलदार की आपस में गाडियां टकराई

### पूर्व मंत्री व मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद,तहसीलदार सहित कई अन्य दुर्घटना में बाल-बाल बचे

अयोध्या।

जनपद के थाना पूराकलंदर क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रानी बाजार के निकट ओवरब्रिज पर मिल्कीपुर विधायक व पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद तथा तहसीलदार मिल्कीपुर की गाड़ियां आमने-सामने से टकरा गईं। भीषण रूप से हुई इस दुर्घटना में दोनों गाड़ियों पर सवार सभी लोग बाल बाल बच गए।

मिल्कीपुर विधायक प्रतिनिधि अमित प्रसाद ने बताया कि मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद अयोध्या से अपने विधानसभा क्षेत्र में एक शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधने जा रहे थे तभी हाईवे रानी बाजार ओवरब्रिज पर विपरीत दिशा से मिल्कीपुर तहसीलदार प्रदीप कुमार की गाड़ी ने विधायक की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दिया।दुर्घटना में विधायक अवधेश प्रसाद के साथ-साथ तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार,नायब तहसीलदार श्वेताभ सिंह व आनंद प्रकाश राय बाल-बाल बच गए।



घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री के सैकड़ो समर्थक घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए।मौके पर पहुंची थाना पूराकलंदर की पुलिस ने दुर्घटना में दोनों पक्षों में से किसी के घायल न होने से राहत की सांस लिया और सड़क पर लगे जाम को खुलवाते हुए आवागमन को बहाल कराया। दुर्घटना के बाद मिल्कीपुर विधायक व पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरी गाड़ी से रवाना हो गए।

## पिकप चालक को गोली मार कर छिनैती

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के जाम गांव के पास बीती आधी रात हो मुर्गी का बच्चा लादकर एक पिकअप चालक को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। उसके पास में रखा 2हजार नगद व एक मोबाइल छीनकर फरार हो गए। जानकारी मिलने पर सिकरा-रा व बक्षा के थानेदार मौके पर पहुंच गए। घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

बताते है कि वाराणसी जनपद के चोलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम दोराहा गांव निवासी 40 वर्षी धर्मेंद्र कुमार यादव पुत्र बंसराज यादव मुर्गी का बच्चा अपने बोलोरो पिकअप में लादकर वाराणसी से सतहरिया जा रहा था कि जैसे ही धर्मेंद्र ने अपनी गाड़ी हाईवे के नीचे सतारिया जाने के लिए उतरी तभी बाइक पर सवार बदमाशों ने उसका पीछा कर लिया और ओवरटेक करके जाम गांव के पास रोक लिया और तमंचे से उसके पैर में गोली मार दी, उसके पास रखा 2000 नगद वह मोबाइल लेकर फरार हो गए मौके पर पहुंचे एक ट्रक चालक ने घटना की सूचना पुलिस को दिया, जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची उसे सदर अस्पताल पहुंचाया।

बताया जाता है की गोली उसके दाहिने जांघ में लगी थी जो इस पार से उसे पर हो गई थी घायल का घर वाराणसी होने के कारण परिजनों ने उसे रेफर करवा लिया। घायल की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पिकअप गाड़ी को थाने पर खड़ी करा लिया गया है, उसमें लादे गए मुर्गी के बच्चों को मलिक को बुलाकर दे दिया गया है।

## चोरी व हेरा फेरी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सामाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी/रोहनिया। नगर पंचायत गंगापुर डीह बाबा के पास रोहनिया पुलिस ने चोरी करने व चोरी के समान की हेरा फेरी करने वाले नगर पंचायत गंगापुर निवासी विक्की सेठ नामक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।आरोपी पर एक मामला रोहनिया थाने में तथा दो मामले सिगरा थाना दर्ज है।



## आघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं के सामने रोजी रोटी का संकट

**समाज जागरण**

चन्दौली पड़ाव क्षेत्र मे इस समय बिजली आपूर्ति अपने बदतर से भी बदतर के दौर मे है कयोंकि हालात यह हो गया है की बिजली कब आ रही कब जा रही है किसी को कुछ पता नही हर घन्टे लगातार कटौती होने से कारखान वाले पूरी तरह से परेशान हो चुके है और सबसे ज्यादा मजदूर वर्ग को परेशान होना पड़ रहा है यह ऐसे मजदूर है जो ठीके पर काम करते है जैसे जितना करोगे उतना ही पाओगे ऐसे मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया हैं। बिजली विभाग को ऐसे मजदूरों की कोई चिन्ता नही है लगातार कटौती होने से काफी कारखाने बन्द होने के कगार पर है और इस समय पड़ाव क्षेत्र मे बड़ी संख्या मे ऐसे कारखाने है जिन्हे बिना लाईट के चलाया नही जा सकता है बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय उपभोक्ताओं का कहना है विभाग अगर कटौती करना ही चाहता है तो करे मगर सूचना दे कर कटौती की जाए ताकी सभी को मालूम रहे बार बार कटौती से अच्छा है की एक बार सूचना दे कर कटौती की जाए पड़ाव क्षेत्र वासी अधिकारीयों के यहां चक्कर लगा कर थक चुकें है इस सम्बन्ध मे क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने सम्बन्धि अधिकारीयों से संज्ञान मे लेकर तुरंत कार्रवाही की मांग किया है।

## जमीनी विवाद को लेकर 30 अगस्त को हो चुकी है मारपीट

### पूर्व विधान परिषद सदस्य लीलावती कुशवाहा व उनकी पुत्रियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या।

कैंट थाना पुलिस ने विशेष न्यायधीश एससी/एसटी एक्ट अदालत के आदेश पर सपा की पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा और उनकी दोनों पुत्रियों समेत अन्य के खिलाफ हमला कर गंभीर रूप से घायल करने समेत 11 धाराओं में रिपोर्ट पंजीकृत की है। जमीनी विवाद को लेकर 30 अगस्त को मारपीट हुई थी, जिसमें एक पक्ष की ही रिपोर्ट दर्ज हो पाई थी।

पीड़िता कैंट थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा,खोजनपुर (गद्दोपुर) निवासी दलित वैष्णवी पुत्री राम औतार का कहना है उसके घर के पिछवाड़े मकान बनवा रहने वाली पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा पत्नी श्रीमल मौर्या उसकी जमीन और मकान पर अवैध कब्जा की कोशिश में रहती हैं। इसी को लेकर 30 अगस्त की दोपहर 12 बजे वह अपनी पुत्रियों अलका व आस्था कुशवाहा के साथ लाठी-डंडा,लोहे की राड आदि से लैस होकर व मिस्त्री मजदूर आदि को लेकर उसकी पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे के लिए निर्माण कराने लगीं,पिता राम औतार ने विरोध किया तो उनका परिवार जाति सूचक गाली देते हुए जानलेवा हमला कर दिया। घर में घुसकर मारापीटा और तोड़फोड़ की।



बीच-बचाव करने पहुंचे भाई अभिषेक कुमार व बहन रूबी की भी पिटाई की तथा पिता को मरणासन्न कर दिया। मेडिकल रिपोर्ट और शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की,केवल उस दिन सुबह हुए हमले के मामले में हल्की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली और दूसरी शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय घ्याल पिता, भाई व बहन तथा नाबालिग मानसी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। शुक्रवार को सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर कैंट पुलिस ने तीन को नामजद करते हुए हमला कर गंभीर रूप से घायल करने, मारपीट समेत अन्य व एससी/एसटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

## पंचायत भवन से कंप्यूटर, इनवर्टर सहित दो लाख का सामान हुआ चोरी

अयोध्या ।

कुमारगंज थाने के ग्राम घोड़वल के पंचायत भवन का ताला तोड़ कर चोरों ने कंप्यूटर, इनवर्टर, बैट्री, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य सामान पार कर दिया। चोरी के घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों एवं पंचायत सहायक के पंचायत भवन पहुंचने पर हुई। पंचायत भवन में चोरी की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव ने घटना की सूचना देवगांव चौकी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी मनीष चतुवेर्दी ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

अमानीगंज ब्लॉक के ग्राम घोड़वल के प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार यादव ने बताया कि देर रात पंचायत भवन का ताला तोड़कर कर चोरों ने लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब पंचायत भवन की ओर ग्रामीण गए तो देखें कि भवन का ताला टूटा है, कुछ सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ है। प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार यादव ने घटना की जानकारी पंचायत सचिव को दी। सूचना मिलने के बाद पंचायत सचिव भी मौके पर पहुंच गए। पंचायत सचिव के साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार यादव थाना कुमारगंज पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कुमारगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि घोड़वल पंचायत भवन में हुई चोरी की तहरीर प्रधान प्रतिनिधि ने दी गई है। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।



## खेत में बिजली के चपेट में आने से महिला किसान की मौत

अयोध्या ।

बिजली के करंट की चपेट में आकर महिला किसान की मौत हो गई, महिला अपने खेत में हरे धान की फसल शहादा काटने गई थी पड़ोसी ने अपने खेत के फसल की सुरक्षा के लिए बिजली का तार लगाया था बिजली के तार की चपेट में आकर करंट से महिला की मौत हो गई, मामला थाना क्षेत्र के बेला गांव का है घटना दिन में करीब लगभग 11:30 के आसपास ही है ग्रामीणों के अनुसार गांव के निवासी रामदीन उर्फ साधु पुत्र शिव प्रसाद के द्वारा अपने खेत मैं फसल सुरक्षा के लिए विद्युत तार लगाया गया था जिसमें उनके द्वारा बगल जा रही एलटी लाइन से कटिया जोड़ दिया गया जिसकी जानकारी किसी को नहीं लगी आज दिन में करीब 11:30 बजे के आसपास गांव की अनीता पत्नी अवनीश यादव अपने खेत से धान की फसल शहादा काटने जा रही थी कि अचानक खेत में लगे तार में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई आनंद फानन में घर वालों ने महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगंज ले ले गए जहां पर डॉक्टरों ने महिला को मृतक घोषित कर दिया मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष के आसपास थे की थी जिसके दो पुत्री वह एक पुत्र है विद्युत करंट की चपेट में आने पर ग्रामीणों के द्वारा हल्ला गुहार करने पर बिजली कटे गई लोगों का कहना है कि खेत मालिक ने फर्जी तरीके से खेत में विद्युत प्रवाहित किया था इसके खिलाफ के विद्युत उपकेंद्र खेरालाल खान के और अभियंता के द्वारा थाने पर तहरीर दी है तथा मृतक के पति द्वारा भी लिखित तहरीर थाने पर दी गई है थाना प्रभारी निरीक्षक हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने बताया कि तहरीर मिली है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कार्रवाई की जा रही है

## पिकप चालक को गोली मार कर छिनैती

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के जाम गांव के पास बीती आधी रात हो मुर्गी का बच्चा लादकर एक पिकअप चालक को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। उसके पास में रखा 2हजार नगद व एक मोबाइल छीनकर फरार हो गए। जानकारी मिलने पर सिकरा-रा व बक्षा के थानेदार मौके पर पहुंच गए। घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

बताते है कि वाराणसी जनपद के चोलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम दोराहा गांव निवासी 40 वर्षी धर्मेंद्र कुमार यादव पुत्र बंसराज यादव मुर्गी का बच्चा अपने बोलोरो पिकअप में लादकर वाराणसी से सतहरिया जा रहा था कि जैसे ही धर्मेंद्र ने अपनी गाड़ी हाईवे के नीचे सतारिया जाने के लिए उतरी तभी बाइक पर सवार बदमाशों ने उसका पीछा कर लिया और ओवरटेक करके जाम गांव के पास रोक लिया और तमंचे से उसके पैर में गोली मार दी, उसके पास रखा 2000 नगद वह मोबाइल लेकर फरार हो गए मौके पर पहुंचे एक ट्रक चालक ने घटना की सूचना पुलिस को दिया, जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची उसे सदर अस्पताल पहुंचाया।

बताया जाता है की गोली उसके दाहिने जांघ में लगी थी जो इस पार से उसे पर हो गई थी घायल का घर वाराणसी होने के कारण परिजनों ने उसे रेफर करवा लिया। घायल की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पिकअप गाड़ी को थाने पर खड़ी करा लिया गया है, उसमें लादे गए मुर्गी के बच्चों को मलिक को बुलाकर दे दिया गया है।

## कौशल विकास से मिलती है आर्थिक मजबूती: कुलपति

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र का शनिवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने निरीक्षण किया. केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से भी संवाद किया. कहा कि रोजगार और स्वरोजगार के लिए किसी न किसी क्षेत्र में कौशल होना अति आवश्यक है. यही कौशल युवाओं को आर्थिक रूप संपन्न बनाता है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आप सभी को दिया जाने वाला यह प्रशिक्षण आपके आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है. आज केंद्र और प्रदेश की सरकार युवाओं को शिक्षा के साथ ही साथ कौशल विकास के लिए भी कई योजनाएं संचालित कर रही है।. विश्वविद्यालय का यह केंद्र युवाओं के कौशल विकास के लिए निरंतर सुविधाएं उपलब्ध कराता रहेगा। नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार ने बताया कि केंद्र पर सिलाई मशीन ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर , डोमेस्टिक, आईटी, हेल्पडेस्क अटेंडेंट तथा माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव का प्रशिक्षण जारी हैं। श्रीनाथ यादव, राजन गुप्ता, संतोष यादव, अभिषेक यादव, गिरिजा देवी, सूर्यकान्त अस्थाना, मोव दावर खान, प्रिया आदि उपस्थित रहे।



# पश्चिमी टुण्डी में आजाद हिन्द क्लब मछियारा के सौजन्य से दो दिवसीय टाइमली फुटबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ

**दैनिक समाज जागरण**
**कामाख्या नारायण मिश्र**

वरीय संवाददाता धनबाद( झारखंड):- 07 अक्टूबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत

पश्चिमी टुण्डी क्षेत्र मनियाडीह थाना , पंचायत + गांव मछियारा के फुटबॉल मैदान पिपराढाब में 16 टीमों की दो दिवसीय टाइमली फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया ।

प्रतियोगिता की शुभारम्भ वाशीव समूह गिरिडीह एवं एसएसबी क्लब हांसागोडा , पीरटांड़ के बीच खेलकर किया गया।

वासीव समूह गिरिडीह ने 4--3 = 1 गोल से जीत दर्ज किया । खिलाड़ियों का खेल जारी हैं ।

जिसका विधिवत उद्घाटन पंचायत समिति सदस्या लाजी देवी एवं वार्ड सदस्या -01 जया मंझियायन ने संयुक्त रूप से मैदान के केन्द्र बिन्दु पर गाय के गोबर से पूजा




- पाठ, धूप बत्ती जलाकर एवं बताशा का भोग लगाया , फिर पंसस लाजी देवी ने फीता काटा तत्पश्चात फुटबॉल को बारी - बारी से किक मारा जिसे दोनों टीमों के गोलकीपर ने पकड़कर स्वागत किया ।

मौके पर मुख्य रूप से जयदेव टुड्डू , मनोज तुरी , सोनातन सोरेन ,छोटू अंसारी , हरिचंद हांसदा , लबेश्वर सोरेन , गहन लाल हेम्ब्रम , राहुल टुड्डू , शेखर टुड्डू , शंकर सोरेन , राजीव हेम्ब्रम , दिनेश टुड्डू , मुस्ताक अंसारी , सुजीत टुड्डू , अजय दास , चांद टुड्डू , श्यायलाल किस्कू एवं दीपक बास्की इत्यादि के अलावें दो दर्जन कमिटी के सदस्य , खेलकूद प्रेमी , शिक्षाविद समाजसेवी के साथ साथ हजारों की संख्या में मैदान के चारों ओर उपस्थित थे।

# उचित मांग है इसको लेकर रांची में करेंगे बातझ्र ब्रजेन्द सिंह।

***सहिया और सहिया साथी का समस्या का हल करना होगाझ्र वैभव सिंहा***

***दोनों मांग जल्द पूरा करने का दिया आश्वासन।***

**दैनिक समाज जागरण**
**धनबाद झारखंड**

सहिया, सहिया साथी और प्रशिक्षक संघ का धरना सिविल सर्जन कार्यालय प्रांगण में शनिवार को भी जारी रहा। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी इसका नेतृत्व कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सह जिला विश्व सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेन्द सिंह और प्रदेश कांग्रेस सचिव वैभव सिन्हा धरना स्थल पर पहुंचे उन्होंने आश्वासन दिया कि रांची में दोनों मुद्दा पर बात करेंगे।सहिया और सहिया साथी ने आरोप लगाया कि विभाग के कुछ अधिकारी के कारण उनका मामला लटका हुआ है सिविल सर्जन भी कुछ नहीं कर रहे हैं। केवल मूकदर्शक बंन कर काम कर रहे हैं सहिया साथी



ने बताया कि नियुक्ति संबंधी लेटर जून माह में आने के बाद भी उसको अटका दिया गया अब बताया गया कि फाइल रांची में है कोषांग पदाधिकारी के पास वहां से आएगा तो ज्वाइनिंग होगा । इन लोगों का कहना है कि जब तक हमारी सीट नहीं आती ज्वाइन नहीं होता तब तक लड़ाई जारी रहेगा अगले सप्ताह गेट जाम और भूख हड़ताल का आंदोलन होगा। ग्रामीण और शहरी का भेदभाव पर विभाग अपने रोटी सेंक रही। इसके अलावा पूरे जिला का सहिया का कॉविड-19 का पैसा नहीं दिया जा रहा है। 2 वर्ष का पैसा बकाया है। शहरी क्षेत्र के सहिया साथी बैठी हुई है और ग्रामीण क्षेत्र में सहिया साथी का राज्य की ओर से पत्र भेज दिया गया लेकिन शहरी के साथ भेदभाव किया जा रहा। मौके पर रेखा भट्ट, सुनीता देवी किरन,कविता देवी राखी देवी,मधुमति सिंह, रूपा सिंहा बबीता देवी,किरन देवी आदि थे।

20 सितंबर से लगातार यह धरना चल रहा है।

# श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के प्रांगण मे शुभारंभ हुआ चतुर्थ राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

झारखंड जमशेदपुर मे आज श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में शुभारंभ हुआ योगासना



सपोर्ट असोसिएशन चतुर्थ राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता

जिसका शुभ आरंभ दीप प्रचलित करके मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया मुख्य अतिथि के रूप में श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति सुखदेव महतो वाइस चांसलर डॉक्टर गोविंद महतो संगठन के अध्यक्ष संजय सिंह ,सहझ्र सचिव सुगंधा जी संगठन के झारखंड सचिव विपिन कुमार पांडे आदि उपस्थित हुए तथा सभी जिले के कोच सभी टेक्निकल हेड जॉर्ज एवं तमाम जिले से आए हुए होनहार खिलाड़ी उनके सहयोगी माता एवं पिता तथा श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के सभी आयोजन करता इस प्रतियोगिता को सफल करने में सहयोग किए

# भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला रावण स्वरूप में किया गया दहन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 07 अक्टूबर 2023:झ्र दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्य कारी अध्यक्ष अंबुज कुमार के निदेर्शानुसार आदित्यपुर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल यादव के नेतृत्व



में अंबेडकर चौक पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पुतला रावण स्वरूप में दहन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि जगदीश नारायण चौबे रमाशंकर पांडे उपस्थित रहे।मौके पर अंबुज कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता गण देश के सर्वमान्य लोकप्रिय नेता राहुल गांधी की तस्वीर को ट्विटर एकएस आदि पर गलत तरीके से शेयर करने से पहले हजार बार विचार कर लें नहीं तो उनके नेताओं का रावण, महिषासुर, बाणासुर , चण्ड मुंड आदि राक्षसों के स्वरूपरूप में पुतला दहन किया जाएगा। आज के दौर में राहुल गांधी देश के एकमात्र नेता हैं जिनके नेतृत्व में इस देश में रामराज की स्थापना संभव है।

मौके पर वरिष्ठ नेता रमाशंकर पांडे,जिला महासचिव कुणाल राय, रमेश बालमुचू,प्रकाश मंडल, संदीप गोप, सुनील करवा, नटवर करवा, रवि रविदास, पवन महतो, संजीव सिंह, उज्जवल पांडे, विशाल यादव, रोहित नायक, अमित कुमार, रोहित कारवां, गिरी बावड़ी, तपन महतो, बाबू सरदार, दिलीप गोप, दारा सिंह, गोपाल सिंह राजपूत, राकेश ठाकुर, राजू मुखी, राहुल पांडे, दिनेश दीप आदि उपस्थित रहे।

# बीएसएसपी जमशेदपुर ने जीता एच एल एम ट्रॉफी का खिताब, 3 - 0 से डीआर स्पोर्टिंग को हराया

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 07 अक्तूबर 2023 : एच एल एम ट्रॉफी का फाइनल मैच बीएसएसपी जमशेदपुर और डीआर स्पोर्टिंग के बीच हुई। बीएसएसपी जमशेदपुर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए डीआर स्पोर्टिंग को 3 - 0 से हराया। फाइनल मैच के समापन के बाद विजेता टीम बी एस एस पी जमशेदपुर को दो लाख रुपये तथा एचएलएम ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। वहीं, उपविजेता टीम डीआर सपोर्टिंग को डेढ़ लाख रुपये तथा ट्रा- ॅफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम एक - एक लाख रुपये तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने दर्शकों और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ईचागढ़ विधानसभा के जनता के प्रति हरेलाल बाबू का सेवा और समर्पण दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, यह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि हरेलाल बाबू के हृदय में जन सेवा ही लक्ष्य बसा है और इसे एक मिशन के रूप में लिया गया है जो लगातार क्षेत्र की सेवा में जुटी है। सुदेश कुमार महतो ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हरेलाल बाबू द्वारा खेल को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है, इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को उभरने का अवसर मिलेगा। दो दिवसीय एच एल



एम ट्रॉफी का आयोजन करके जन सेवा ही लक्ष्य ने खिलाड़ियों को प्लेटफार्म देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता के साथ साथ हरेलाल बाबू द्वारा क्षेत्र के जनता की सेवा में एम्बुलेंस प्रदान करना अपने आप ऐतिहासिक कार्य है। उन्होंने कहा कि यहां पर आयोजित रक्तदान शिविर में 100 यूनिट से अधिक रक्तदान होना सराहनीय कार्य है। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, झारखंड आंदोलनकारी नेता डॉ देवशरण भगत, दलगोबिंद महतो, नीमडीह जिला परिषद असित सिंह पात्र, सत्यनारायण महतो, नंदू पटेल, अमला मुर्मू, रविशंकर मौर्या, जिलाध्यक्ष सचिन महतो, कन्हैया सिंह, दुर्योधन गोप, गोपेश महतो, अरुण महतो, धर्मराज प्रधान समेत सैकड़ों की संख्या में अतिथि मौजूद थे।

जन सेवा ही लक्ष्य के संस्थापक हरेलाल महतो ने कहा कि क्षेत्र के खेल प्रतिभा को निखारने के लिए जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया था। खिला- ड़ियों को एक बेहतर मंच प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह के आयोजनों से एक तरफ खिलाड़ियों को राजकीय एवं राष्ट्रीय स्तर तक जाने का मौका मिलता है तो दूसरी ओर खेल प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन होता है।

### सांस्कृतिक पाइका नृत्य और आतिशबाजी के साथ हुआ आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो का स्वागत

फुटबॉल प्रतियोगिता एच एल एम ट्रॉफी के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। इस अवसर पर सांस्कृतिक पाइका नृत्य और आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया गया। फाइनल मैच से पूर्व सुदेश कुमार महतो ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वहीं, सुदेश महतो ने मैदान के चारो ओर घूमकर उमड़ी खेल प्रेमियों का अभिवादन किया।

# छाता पर्व के अवसर पर पहुंचे मासस के केंद्रीय सचिव बबलू महतो

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

गोविंदपुरझ्र प्रत्येक वर्ष कुरची पंचायत में छाता पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है इसी के अवसर पर पूजा कमेटी के सदस्य एवं ग्रामीणों ने इस वर्ष छाता पर्व के शुभ अवसर पर बतौर अतिथि के रूप में मासस के केंद्रीय सचिव बबलू महतो



को सम्मानपूर्वक बुलाए ग्रामीणों ने गाजे बाजे और आतिसबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया उनके साथ में कुरची के पूर्व मुखिया लालमोहन महतो मुखिया कृष्ण प्रसाद महतो मुन्ना महतो विशाल महतो निरंजन महतो कमल किशोर महतो बिष्णु महतो धीरेन महतो आलोक महतो ,मंटू महतो ,अजीत महतो कीर्तन महतो सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

# पंडित चंद्रकांत आप्टे म्यूजिक फाउंडेशन द्वारा संगीत महोत्सव 2023 का आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 07 अक्टूबर 2023:झ्र पंडित चंद्रकांत




आप्टे म्यूजिक फाउंडेशन द्वारा संगीत महोत्सव 2023 का आयोजन 8 अक्टूबर 2023 को शाम 5 बजे से माइकल जॉन मोडिटोरियम विस्टुपुर में किया जा रहा है। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के शास्त्रीय गायकों का कार्यक्रम है. लोगों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक मात्रा में संगीत का आनंद ले।

# पटमदा एसएस प्लस टू हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को कराया गया इंडस्ट्रियल विजिट

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय (एसएस +2) पटमदा में



संचालित व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्रियल विजिट कराया गया।

यहां छात्राओं के लिए ब्यूटी एंड वैलनेस तथा छात्र-छात्राओं हेतु आईटी /आईटीएस विषय की पढ़ाई होती है। दोनों व्यवसायिक कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल विजिट कराने का प्रावधान है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को विद्यालय के प्रबंधन समिति की सहमति के पश्चात वोकेशनल ट्रेनर रिंकी कुमारी एवं राजीव महतो के नेतृत्व में विद्यार्थी रवाना हुए थे जो शाम तक लौट आए।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि संबंधित ट्रेड के बेहतर संस्थानों में इंडस्ट्रियल विजिट कराने हेतु विद्यार्थियों को ले जाकर लाभान्वित किया गया। विभागीय निदेर्शानुसार विद्यार्थियों के व्यवसायिक कोर्स में रोजगार प्राप्त करने व उनमें बेहतर समझ विकसित करने के लिए संबंधित ट्रेड के बेहतर संस्थानों में इंडस्ट्रियल विजिट कराया जाता है।

# कांग्रेस की जनसुनवाई में शिकायतों की झड़ी, देर से धनबाद में पहुंचे मंत्री तो लगी भीड़।

**समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, झारखंड प्रदेश।**

धनबाद ( झारखंड) 07 अक्टूबर 2023 : - झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता शुक्रवार 6 अक्टूबर को धनबाद पहुंचे और कांग्रेस की ओर से हाउसिंग कॉलोनी स्थित वेलफेयर सोसाइटी में आयोजित जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसके निदान के लिए जरूरी आदेश भी दिया. कुल 79 आवेदन मंत्री तक पहुंचे. जमीन अधिग्रहण, आवास योजना, मेडिकल सुविधा समेत कई समस्याएं लेकर लोग पहुंचे थे. शुरूआत में तो कुर्सियां खाली रही. मंत्री भी एक घंटा लेट पहुंचे. उनके आने के बाद भीड़ जुटने लगी.

जनसुनवाई के दौरान दो मुख्य समस्या लेकर लोग पहुंचे थे. इसमें एक झमाडा धनबाद के मृत कर्मचारियों के आश्रितजन और दूसरा बीबीएमकेयू के वीसी की मनमानी के खिलाफ शिकायत. मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह, उपाध्यक्ष रशीद रजा अंसारी, योगेंद्र सिंह योगी, राजेश्वर सिंह यादव, प्रभात सुरोलिया, मनोज हाड़ी समेत अन्य मौजूद थे.

झमाडा धनबाद के मृत कर्मचारियों के आश्रितजन 592 दिनों से अनिश्चित कालीन धरना पर हैं. लेकिन अभी तक आश्रितों की नियुक्त नहीं की गई है. उन्होंने कहा कि हम पढे लिखे बेरोजगार हैं. हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है. परिवार के बीमार सदस्य इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं.

आश्रितों ने कहा कि उनलोगों का नियोजन से संबंधित प्रस्ताव नगर विकास विभाग में गया हुआ



है. सरकार का अभी तक कोई जवाब नही आया है. माडा में बोर्ड गठित नहीं है जिससे नियुक्ति नही की जा रही है.

प्रबंध निदेशक के स्तर से सूचना विभाग को दे दी गई है, फिर भी नियोजन नहीं मिला है. बारिश में भीग कर धरना देने को विवश हैं. अगर जल्द ही कोई निर्णय नही निकला तो आने वाले दिनों में आश्रित फिर से उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे.

बैंक मोड़ निवासी अशोक कुमार गुप्ता ने जनसुनवाई में बताया कि गोसाईडीह में उनकी पत्नी सुधा कुमारी गुप्ता के नाम से कुल 55 डिसमिल जमीन है. जमीन पर पक्का मकान है, जहां गोविंदपुर सीओ और थाना की मिलीभगत से जेसीबी से पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर लाखों रुपये का सामान लूट लिया गया. उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की.

झरिया के व्यापारी अनिल कुमार जैन ने जिले के प्रभारी मंत्री को अपनी समस्या लिखित में देते हुए कहा कि अगर पुलिस के रहते व्यापारी डर के माहौल में हैं तो ये गलत है. दो दबंग रंगदार विनोद गुप्ता और विकास कंधवे ने उनकी दुकान, रोजगार संपत्ति सब कुछ छीन ली है. बरवाअड्डा थाना को कार्रवाई के लिए कहा गया था. अब तक कार्रवाई नहीं की गई. बताया कि उनकी दुकान उन्हें वापस नहीं मिली है.

अनुकंपा के आधार पर सास की जगह पर पुत्रवधू ममता कुमारी की नियुक्ति के लिए मटकुरिया विकास नगर निवासी ब्रज मोहन प्रसाद जनसुनवाई में पहुंचे. उन्होंने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए मंत्री को बताया कि उनकी पत्नी रेणु देवी जो आंगनवाड़ी सहायिका के रूप में कार्यरत थी, की मृत्यु असाध्य बीमारी के कारण हो गई. पत्नी की मृत्यु के पश्चात वह अपनी बहू ममता कुमारी को नौकरी दिलाने का प्रयास कर रहे हैं. लेकिन अब तक नौकरी नहीं मिली. सहायता पद पर अनुकंपा के आधार पर नियुक्त करने की मांग रखी।

# महलाया "अगोमोनल" देख दर्शन हुए मनमुद्ध।

***स्पंदन का संस्कृत कार्यक्रम में दर्शकों का उमड़ी भीड़।***

**दैनिक समाज जागरण राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ब्यूरो चीफ उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल**

धन्यवाद,लुबी सर्कुलर रोड स्थित उत्सव भवन में आज शाम स्पंदन द्वारा संस्कृत कार्यक्रम"महलाया" "आगोमोनी"गीतनाट्य का आयोजन किया गया था,जिसमें उपस्थित दर्शकों ने मनमुद्ध होकर कलाकारों को खूब सरहाया,सबसे पहले मुख्य अतिथि रेखा मंडल और सोमनाथ चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर



कार्यक्रम का शुभारंभ किये,उसके बाद संस्कृति प्रोग्राम शुरू हुआ जिसमें गणेश वंदना के बाद गीतनाट्य"महलाया"अगोमोनी शुरू हुआ जिसमें,इस इस गीत संगीत नाटक कार्यक्रम में समुह संगीत में काकुली,चांदना,अनिंदिता,मीता,रूबी,,माला,अरबिंदो,देबदास,पिंटु, लिलामाए,सुरजीत,बापी,सैकत, भास्व पाठ,में मनोज मोजुमदार,काकोली सेन और सुभस्त्री पटनायक,समुह नृत्य में स्वाति गुप्ता के ग्रुप,रेशमी के ग्रुप,संपा के ग्रुप, स्त्रोतोस्विनी के ग्रुप ने भाग लिये।

उपरोक्त की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष मनोज मजूमदार,सचिव बरनाली सेनगुप्ता और मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को बधाई दी,जबकी इस कार्यक्रम मै सोमनाथ चौधरी,सम्राट चौधरी दीपक सेन और सुवस्त्री पटनायक विशिष्ट अतिथि थे।

# बच्चों के रचनात्मक कार्य यह साबित कर रहा था कि उन्होंने बाजार को भली -भांति समझ लिया है !

***बच्चों के कौशल एवं मानसिक विकास हेतु बीएसएस बालिका उच्च विद्यालय में प्रबंधन की ओर से आयें दिन कार्यशाला का आयोजन होते रहता है।***

**समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र ब्यूरोचीफ, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल ,झारखंड प्रदेश।**

धनबाद (झारखंड) 07 अक्टूबर 2023:- बीएसएस बालिका उच्च विद्यालय धनबाद ( प्रारंभिक खंड) के वर्ग सप्तम के छात्र/ छात्राओं ने अपने सामाजिक अध्ययन के अंतर्गत सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था (राजनीति शास्त्र) विषय में अध्ययन हेतु वर्णित बाजार अध्याय में पढ़ी गई बातों को अपने परियोजना कार्य के माध्यम से यह दिखाने का सफल और सार्थक प्रयास किया कि बाजार वह स्थान है जहाँ वस्तुओं के क्रेता एवं विक्रेता एक साथ एकत्रित होकर वस्तुओं का क्रय - विक्रय करते है।

बच्चों ने काल्पनिक बाजार व्यवस्था के तहत



कपड़ा, फल, इलेक्ट्रॉनिक्स , फूल आदि वस्तुओं का दुकान सजाकर विक्रेता की भूमिका का बखूबी निर्वहन कर रहे थे, अन्य वर्ग के बच्चे क्रेता बनकर अपनी जिज्ञासा को शांत कर रहे थे। बच्चों के रचनात्मक कार्य यह साबित कर रहा था कि उन्होंने बाजार को भली -भांति समझ लिया है और पूरी तरह से अधिगम संप्राप्ति कर लिया है। बच्चों की कल्पना शक्ति ,कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण काबिले तारीफ था। वर्ग शिक्षिका अनुपम सुप्रिया रश्मि के दिशानिर्देशन में बच्चों ने इस परियोजना कार्य को कर अपने अधिगम का प्रदर्शन किया। इस परियोजना कार्य में खुशी कुमारी,श्वेता सुमन,रितिका कुमारी, लक्की कुमारी, माही कुमारी,अंतरा कुमारी,तृषा कुमारी,आयुष कुमार,राजेश कुमार,हिमांशु कुमार आदि ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित किया। अपने अधिगम क्षमता का प्रदर्शन करनेवाले सभी छात्र/ छात्राओं को बाद में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रधान अंजुला गुप्ता, संजय कुमार,रेणु कुमारी,पूनम कुमारी शर्मा, कुमारी पारुल,इंदू कुमारी,सुमित्रा कुमारी,नागेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार, एनावेल सुषमा कांडुलना, अरविंद कुमार,रत्नेश कुमार,रमेश त्रिपाठी, असर्फी लाल सरोज,रिम्पा दत्ता,मनोज कुमार एवं छोटी कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

# समर्पण एक नेक पहल संस्था के पहल पर डेंगू से पीड़ित मरीज को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराई गई

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

समर्पण एक नेक पहल संस्था के पहल पर डेंगू की 16 वर्षीय मरीज को 4 यूनिट बी पॉजिटिव प्लेटलेट्स तथा 2 यूनिट प्लेटलेट्स रिच प्लाजमा उपलब्ध कराई गई, दिनाँक 01/10/2023 को संस्था को सूचित किया गया कि निश्चितपुर क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती सोलह वर्षीय मुस्कान कुमारी



डेंगू से पीड़ित है जिन्हें तत्काल प्लेटलेट्स की आवश्यकता हैं, कृपया इनकी मदद करें, सूचना प्राप्त होते ही आवश्यकतानुसार डेंगू की मरीज मुस्कान कुमारी को प्लेटलेट्स तथा प्लेटलेट्स रिच प्लाजमा संस्था के सक्रिय सदस्य श्री लंबोदर चौहान जी के पहल पर उपलब्ध कराई गई, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के सक्रिय सदस्य लंबोदर चौहान बिना समय गंवाए पहले रक्तवीर मंटू बाऊरी को लेकर दिनाँक 01/10/2023 दिन शुक्रवार को दूसरे रक्तवीर सनी कुमार को लेकर दिनाँक 02/10/2023 दिन शनिवार को तथा तीसरे रक्तवीर एमडी हसनैन को लेकर दिनाँक 06/10/2023 दिन शुक्रवार को लेकर एसएनएमएमसीएच, पी.एम.सी.एच ब्लड बैंक धनबाद लेकर पहुंचे और सभी रक्तविरो ने रक्तदान कर मरीज मुस्कान कुमारी के लिए कुल चार यूनिट बी पॉजिटिव प्लेटलेट्स एवं दो यूनिट प्लेटलेट्स रिच प्लाजमा तत्काल उपलब्ध कराई गई '

# धनबाद: झूठे आरोप से आहत युवक ने जहर खाकर दे दी जान, जांच में जुटी पुलिस

स्थानीय पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गयी. कोई कार्रवाई होते न देख युवक ने स्वयं का वीडियो वरीय आरक्षी अधीक्षक को 29 सितंबर को दिया और इसी बीच उसने जहर खा लिया. हालत गम्भीर होते देख शुभचिंतक धनबाद एसएनएमएमसीएच ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. जहर खाने के पहले तपन दास ने एसएसपी को दी गई लिखित शिकायत में कहा है कि भगिनी रिया दासी व भगिना कृष्णा गोस्वामी ने अवैध सम्बंध होने के आरोप में मेरे साथ मारपीट की, कपड़ा फाड़ कर गांव में घुमाया,थूक चटवाया और सादे कागज पर हस्ताक्षर कराया है. आवेदन में कहा है कि पूर्व में भगिना और भगिनी ने गाय छीन ली. बाद में एक लाख रुपया और जमीन देने का दबाव बनाया जिसे इनकार करने पर उसने अवैध सम्बन्ध का आरोप लगा कर मुझे प्रताड़ित किया. स्वयं का एक वीडियो बनाकर घटना की जानकारी वायरल कर दी. वह झूठे आरोप से इतना हत था था कि अपना जीवन ही समाप्त करने के उद्देश्य से जहर खा लिया. अंत्यपरीक्षण कराकर शव आज 6 अक्टूबर शुक्रवार की शाम निरसा लाया गया. निरसा पुलिस शव परिजनों को सौपकर जांच में जुट गई है

